'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 42 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शनिवार, 27 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

### विजय संकल्प रैली के दौरान बरसात

## मनोहर लाल ने कहा- इंद्र देव ने इंद्रजीत को दिया विजय का आशीर्वाद

**राव इंद्रजीत सिंह ने देश के विकास के लिए कमल के फूल का बटन दबाने का आह्वान किया**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 26 अप्रैल।** शुक्रवार को गुरुग्राम के भीमनगर स्थित रामलीला मैदान में भाजपा की विजय संकल्प रैली के दौरान आई बरसात के बीच बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अचानक से आई बरसात को इंद्र देवता का आशीर्वाद कहा। मनोहर लाल ने कहा कि विजय संकल्प रैली में आई यह बरसात राव इंद्रजीत के लिए इंद्र देवता का आशीर्वाद है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने बरसात के बीच पंडाल में उपस्थित जनसमूह को आह्वान किया कि वे राव इंद्रजीत सिंह को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाकर फिर से संसद भेजें और नरेंद्र मोदी जी की ताकत बढ़ाएं।

तेज बरसात के कारण पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना भाषण यह कहकर समाप्त किया कि कोशिश करूंगा कि चुनाव से पहले एक बार फिर से आपके बीच आ सकूं।

इससे पहले राव इंद्रजीत सिंह ने बरसात को देखते हुए अपना भाषण जल्दी ही समाप्त किया। उन्होंने तेज बरसात के बीच भी भाजपा जिंदाबाद के नारे लगा रहे जनसमूह से आह्वान किया कि वे 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाएं और नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को और मजबूत करने का काम करें।

विधायक सुधीर सिंगला की तबियत खराब होने के कारण उनका भाषण अन्य कार्यकर्ता ने पढ़ा। सुधीर सिंगला ने अपने भाषण में कहा कि सभी को मोदी जी के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट करना है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को ईमानदार बताते हुए कहा कि इन नेताओं ने प्रदेश की जनता के लिए ईमानदारी से काम किया है। विधायक ने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह को वोट देकर मोदी जी के 400 पार के नारे को पूरा करना है।

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह का बड़ी फूल मालाएं डालकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने स्वागत किया। यहां कार्यकर्ताओं ने दोनों को एक एक गदा भेंट भी की। मनोहर लाल ने तो गदा को मंच से लहराया भी। जिससे कार्यकर्ताओं में भी जोश आ गया और उन्होंने जय श्रीराम, भारत माता की जय के साथ साथ इस बार 400 पार तथा एक बार फिर मोदी सरकार के नारे लगाए।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, दीपक मंगला, नवीन गोयल, सीमा पाहुजा, बंटी पाहुजा, जिला अध्यक्ष कमल यादव, संदीप जोशी, अरविंद कोहली, तिलकराज मल्होत्रा, रविंद्र कटारिया, यशपाल बत्रा, मधु आजाद, ऊषा प्रियदर्शी, संजय भसीन, तेजपाल तंवर, मंगतराम बागड़ी भी मौजूद थे।

## हर मौके पर श्रमिकों के साथ खड़ी है सरकार: नायब सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/करनाल, 26 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रदेश के मजदूरों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी और उनकी जो भी मांग है, 4 जून के बाद अधिकारियों के साथ बैठकर उनका समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने मजदूरों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई और योजनाबद्ध तरीके से उन्हें सीधा मजदूर तक पहुंचाने का काम किया। चाहे वह श्रमिकों को औजार देने की बात थी, श्रमिकों को साइकिल देने की, महिलाओं को सिलाई मशीन देने की या बच्चों को छात्रवृतति देने की, बेटी की शादी में कन्यादान योजना की बात रही, सरकार के अधिकारी कन्यादान डालने के लिए 3 दिन पहले चेक लेकर शादी वाले घर पहुंच जाते है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां भारतीय कामगार संघ द्वारा आयोजित श्रमिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारतीय कामगार संघ के अध्यक्ष जंग बहादुर, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, करनाल की पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, राष्ट्रीय कामगार संघ प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, जिला पार्षद ओमप्रकाश मालिया, रोहतास जांगड़ा, श्याम लाल, श्रीमती पूनम ठाकुर मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक पसीना बहाकर देश के विकास में अपना योगदान देता है और ऐसे में सरकार का भी दायित्व बनता है कि वह श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने हर मौके पर श्रमिकों के साथ खड़े होने का काम किया है। कोरोना काल में सरकार ने जब देखा कि अब काम बंद हो गए हैं तो सरकार ने श्रमिकों के घर में राशन पहुंचाने का काम किया और साथ ही प्रदेश सरकार ने 3 महीने तक पांच-पांच हजार रुपए श्रमिकों के खाते में डाले और केंद्र सरकार ने भी 500 रुपए महीना श्रमिकों को देने का काम किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले सिर्फ 19000 मजदूर कापी हरियाणा में बनी थी, जब वह श्रम मंत्री बने तो उन्होंने इनकी संख्या बढ़कर चार लाख 71000 की थी। पहले केवल 29 करोड़ रुपए का बजट श्रमिकों के लिए था, लेकिन उन्होंने इसे बढ़ाकर 650 करोड़ रुपए किया और यह पैसा सीधा मजदूरों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भी श्रमिक के बेटे हैं और जानते हैं कि श्रमिकों को किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वह पहले मंत्री थे जो चौक पर श्रमिकों के बीच में जाकर श्रमिकों की समस्याओं को सुनने का काम करते थे और उसका समाधान करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को घर बना कर दिया। उसमें उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस चूल्हा दिया। राशन योजना के अंतर्गत राशन दिया और हर घर में नल से स्वच्छ जल योजना के अंतर्गत पानी पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब समय है कि हरियाणा के श्रमिक घर-घर जाकर लोगों से हरियाणा और केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में चर्चा करें और उन्हें बताएं कि 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटें नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम करें ताकि देश मजबूती के साथ आगे बढ़ सके और गरीबों के कल्याण की योजनाएं इसी प्रकार से जारी रह सकें।

इससे पहले राष्ट्रीय कामगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने एक मांग पत्र भी पढ़ कर सुनाया और मुख्यमंत्री को सौंपा। मांग पत्र में ट्यूबवेल ऑपरेटर और ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को हटाने और उनको मानदेय देने का अधिकार सरपंचों से वापस लेकर विभागों को देने की मांग की गई। मांग पत्र में फैमिली आईडी में निर्माण मजदूर शब्द प्रयोग करने की मांग की गई ताकि उन्हें उनका लाभ आसानी से मिल सके। मजदूरों का ऑफलाइन पंजीकरण करने और विभाग द्वारा श्रमिकों की बेनिफिट की फाइल पर आपतति केवल एक ही बार लगाने की भी मांग की गई। मांग पत्र में यह भी मांग की गई है कि मनरेगा मजदूरों को 365 दिन मजदूरी और 600 रुपए दिहाड़ी दी जाए और उनकी हाजिरी ऑफलाइन लगे।

## फरीदाबाद : बीस साल बाद दो कट्टर प्रतिद्वंद्वी फिर होंगे आमने-सामने

### महेंद्र प्रताप बने कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्वमंत्री महेंद्र प्रताप ङ्क्षसह को कांग्रेस पार्टी द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद फरीदाबाद का लोकसभा चुनाव रोचक हो गया है। कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह और भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर 20 साल बाद दो कट्टर प्रतिद्वंद्वी फिर आमने-सामने होंगे। नौ बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके, पांच बार के विधायक, वर्ष 1991 से 1996 तक चौधरी भजनलाल की सरकार में और 2009 से 2014 तक चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह को कांग्रेस ने फरीदाबाााद संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। भाजपा ने पहले ही मौजूदा सांसद और केंद्र में भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को अपना प्रत्याशी घोषित कर रखा है। अब कांग्रेस के प्रत्याशी भी आने से महासमर का महा-मुकाबला रोचक हो गया है। बृहस्पतिवार देर रात को कांग्रेस आलाकमान द्वारा घोषणा के बाद सैनिक कॉलोनी स्थित महेंद्र प्रताप सिंह के निवास पर खूब आतिशबाजी हुई। महेंद्र प्रताप सिंह और कृष्णपाल गुर्जर के बीच यूं तो विधानसभा चुनाव में कई मुकाबले हुए हैं, पर लोकसभा में दोनों के बीच पहली बार भिड़ंत होगी। यह दोनों 20 साल बाद चुनावी रण में आमने सामने होंगे।

इससे पहले 2004 के विधानसभा चुनाव में दोनों के बीच तत्कालीन मेवला महाराजपुर विधानसभा सीट पर मुकाबला हुआ था, जिसमें महेंद्र प्रताप सिंह 63 हजार वोटों के अंतर से विजयी हुए थे। वैसे महेंद्र प्रताप सिंह 2019 में सक्रिय चुनावी राजनीति से सन्यास ले चुके थे, जब उनकी राजनीतिक विरासत को उस साल हुए विधानसभा चुनाव में विजय प्रताप सिंह ने संभालते हुए बडख़ल सीट से चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव की टिकट के पैनल में नाम भी विजय प्रताप सिंह का गया था, पर पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा चाहते थे कि महेंद्र प्रताप सिंह ही लोकसभा चुनाव लड़े, इसलिए उन्हें मनाया गया और अब उनके नाम की घोषणा भी हो गई। टिकट की दौड़ में करण सिंह दलाल भी थे, इसीलिए इस संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशी के नाम पर सस्पेंस बना हुआ था, जिसका पर्दा अब उठ गया। महेंद्र प्रताप सिंह मात्र 21 साल की उम्र में 1966 में अपने गांव नवादा कोह के सरपंच बन गए थे और फिर 1972 में ब्लॉक समिति के लिए चुने गए। वर्ष 1977 में उन्होंने पहली बार मेवला महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ा, पर उन्हें गजराज बहादुर नागर के सामने हार का सामना करना पड़ा। खैर अगले वर्ष 1982 में इसी सीट से महेंद्र प्रताप सिंह ने जीत हासिल की और उसके बाद राजनीतिक जीवन में पीछे मुड़ कर नहीं देखा। अगली बार 1987 में जब चौधरी ताऊ देवीलाल के न्याय युद्ध की आंधी थी, तब भी विधानसभा चुनाव जीतने में सफल रहे थे। तब राज्य विधानसभा की 90 सीट में से कांग्रेस सिर्फ पांच सीट ही जीत पाई थी और उनमें महेंद्र प्रताप सिंह एक थे। तब चौधरी भजन लाल की धर्मपत्नी जसमा देवी भी चुनाव जीत कर विधायक बनीं थी, पर कठिन परिस्थितियों में चुनाव जीतने वाले महेंद्र प्रताप सिंह को कांग्रेस ने विधायक दल का नेता बना कर पुरस्कार भी दिया था। महेंद्र प्रताप सिंह ने फिर 1991 में भी चुनाव जीत कर विजय की हैट्रिक लगाई और तब भजन लाल की सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बने।

जैसा कि पहले बताया कि महेंद्र प्रताप सिंह भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के पुराने प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। गुर्जर ने 1996 में पहली बार भाजपा के टिकट पर महेंद्र प्रताप सिंह को 26 हजार मतों से हराया था। दोनों के बीच यह राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता 2000 के विधानसभा चुनाव में भी कायम रही। इस चुनाव में महेंद्र प्रताप सिंह को कांग्रेस का टिकट नहीं मिला, पर वो पार्टी से किनारा कर बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतर गए, मगर कांटे के मुकाबले में 161 मतों से हार गए थे।

खैर 2004 के चुनाव में महेंद्र प्रताप सिंह ने भाजपा के कृष्णपाल गुर्जर को पराजित कर बदला चुकाया। यह इन दोनों के बीच अंतिम भिड़ंत थी, क्योंकि 2009 के चुनाव से पहले परिसीमन हो गया था और तब मेवला सीट खत्म हो गई थी। तिगांव और बडख़ल के नाम से नई सीटें अस्तित्व में आईं। नए परिसीमन के बाद गुर्जर ने तिगांव सीट से चुनाव लड़ा और महेंद्र प्रताप सिंह ने बडख़ल से। महेंद्र प्रताप सिंह ने यह चुनाव भी जीता और तब मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में बिजली, स्थानीय स्वशासन, राजस्व विभाग के कैबिनेट मंत्री बने। 2014 में भी महेंद्र प्रताप सिंह चुनाव लड़े, पर भाजपा की सीमा त्रिखा के हाथों उन्हें हार का वरण करना पड़ा था। अब एक बार फिर लोकसभा के महासमर में महेंद्र प्रताप सिंह और कृष्णपाल गुर्जर आमने-सामने होंगे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार सूरमाओं का यह समर बेहद रोचक होगा।



# टी20 वर्ल्ड कप के लिए संजय मांजरेकर ने चुनी अजीबोगरीब टीम



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के ठीक बाद टी20 वर्ल्ड कप होना है। इस टूर्नामेंट के लिए इसी महीने भारतीय टीम का ऐलान होना वाला है। उससे पहले क्रिकेट एक्सपर्ट्स अपनी 15 सदस्यीय भारतीय टीम चुन रहे हैं।

इसी क्रम में कमेंटेटर और पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने अपनी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम चुनी है। इस टीम में उन्होंने ना तो विराट कोहली को जगह दी है और ना ही हार्दिक पंड्या और रिंकू सिंह को। उनकी टीम में शिवम दुबे, शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल जैसे नाम भी नहीं हैं।

**7 गेंदबाजों को मांजरेकर ने चुना**

संजय मांजरेकर की 15 सदस्यीय टीम मे 7 प्रमुख गेंदबाज हैं। इसमें 5 पेसर और दो स्पिनर हैं। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के अलावा आवेश खान, हर्षित राणा और मयंक यादव का नाम शामिल है। मयंक और हर्षित ने अभी तक इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है। स्पिनर गेंदबाजों में उन्होंने कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को शामिल किया है। इन दोनों ने अभी तक भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप में कोई मैच नहीं खेला है।

**तीन विकेटकीपर और दो ऑलराउंडर**

संजय मांगरेकर ने यहीं चौंकाना नहीं छोड़ा। उन्होंने अपनी टीम में दो ऑलराउंडर को शामिल किया है। इसमें रविंद्र जडेजा के अलावा क्रुणाल पंड्या का नाम है। बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल ने भारत के लिए आखिरी मैच 2021 में खेला था। उन्होंने अपनी टीम में तीन विकेटकीपर को रखा है, जिसमें ऋषभ पंत और संजू सैमसन के अलावा केएल राहुल का नाम शामिल है। राहुल ने टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद इस फॉर्मेट में भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है।

# 138% बढ़ी महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या




**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में लगभग 28,000 महिलाओं ने फुटबॉल को अपना करियर बनाया है। ये संख्या अभी कम जरूर है, क्योंकि पुरुष फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या 2,20,515 है। लेकिन अच्छी चीजों की शुरुआत छोटे से ही होती है। इसीलिए 27,936 महिलाओं का अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ में रजिस्टर होना बहुत बड़ी बात है। दो सालों में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या में 138% का इजाफा हुआ है। 2022 में महासंघ के पास सिर्फ 11,724 महिला खिलाड़ी रजिस्टर्ड थीं।

भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों या विदेशी खिलाड़ियों जितना पैसा और नाम नहीं मिलता। लेकिन इसके बाद भी फीफा की रैंकिंग में भारतीय महिला टीम 66वें नंबर पर है, जबकि पुरुष टीम 121वें नंबर पर है। भारतीय महिला टीम की 5 खिलाड़ी मानुषा कल्याण, ज्योति चौहान, एमके कश्मीना, किरण पिस्दा और ई पान्थोई विदेश की मजबूत लीगों में खेलती हैं।

फुटबॉल विशेषज्ञों को लगता है कि पुरुष टीम के मुकाबले महिला टीम के विश्व कप में क्वालीफाई करने की ज्यादा संभावना हैं। उनका कहना है कि एआईएफएफ को महिला फुटबॉल को और ज्यादा सहयोग देना चाहिए। ऐसा हो भी रहा है। फेडरेशन ने भारत की सबसे बड़ी महिला लीग इंडियन विमेन्स लीग में अब होम और अवे मैच का फॉर्मेट शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इस सीजन में दूसरी श्रेणी की लीग आईडब्ल्यूएल 2 भी शुरू हुई है, जिसमें से 15 टीमों में से 2 टीमों को प्रमोशन मिलेगा। अब उम्मीद है कि भारतीय महिला टीम उज्बेकिस्तान में तीन देशों के टूर्नामेंट में खेलेगी। इसमें बेलारूस भी शामिल है। एआईएफएफ जुलाई में भारत में होने वाले टूर्नामेंट में फिजी और हॉन्ग कॉन्ग को शामिल करने के लिए भी उनसे बातचीत कर रहा है। चौबे ने बताया कि हर तिमाही में एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट कराने की योजना है। एआईएफएफ ऐसी टीमों के साथ मैच कराने की कोशिश कर रहा है जिनकी फीफा रैंकिंग भारत के बराबर हो।

# दर्दनाक है दाद जैसी दिखने वाली ये स्किन की बीमारी



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** त्वचा रोग कई तरह के होते हैं, जो कभी मौसम या फिर एलर्जी के चलते हो जाते हैं। जिनके बारे में आपने काफी सुना होगा। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि एक स्किन प्रॉब्लम ऐसी भी है, जो पसीने की वजह से कभी भी किसी को भी हो सकती है। इस बीमारी में इतना दर्द होता है कि पीड़ित व्यक्ति तड़प उठता है। इतना ही नहीं, अगर सावधानी न बरती जाए तो ये समस्या वर्षों तक परेशान कर सकती है।

**प्यूबर्टी के बाद शुरू होती है समस्या**

यह स्किन प्रॉब्लम प्यूबर्टी के बाद और आमतौर पर 40 साल की उम्र से पहले होती है। यह समस्या कई वर्षों तक बनी रह सकती है। वहीं, समय के साथ सुधार होने की बजाए इससे पीड़ित व्यक्ति की हालत और बिगड़ सकती है। इससे पीड़ित को इतना दर्द होता है कि उसकी रोजमर्रा की जिंदगी में परेशानी बढ़ जाती है, तो इमोशनली वह टूटने लगता है।

**लक्षण**

पसीना आने वाली जगह पर ब्लैकहेड्स का होना। मटर के दाने जैसे दर्द वाले पिंपल्स होना।

# नव्या नवेली ने किया साबित, ऐश्वर्या राय की ही भांजी



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** नव्या ने रेड कार्पेट के लिए जो स्लीवलेस ब्लेजर स्टाइल किया था, उसके लिए क्रेप फैब्रिक का इस्तेमाल किया गया था। साथ ही इसमें राउंड नेक, डीप नेकलाइन रखी गई थी, जिसके फ्रंट पर लूप और मैक्सी क्रिस्टल बटन दिए गए थे।

साथ ही इसका फ्लेयर्ड पेप्लम बॉटम ब्लेजर के लुक को एन्हांस करने का काम कर रहा था। आप को बता दें कि नव्या का ये आउटफिट श्वेता कपूर के क्लोथिंग ब्रांड से लिया गया था, जिसकी कीमत 18,000 रुपये है।

**ऐसा था नव्या का ओवरऑल लुक**

अपने वाइट ब्लेजर और लोंग स्कर्ट वाले आउटफिट में नव्या का बॉसी लुक बहुत ही गॉर्जियस लग रहा था। बगैर जूलरी, मिनिमल मेकअप और खुली जुल्फों के साथ नव्या ने अपने लुक को बड़े ही अच्छे तरीके से कंप्लीट किया था।

GQ के अवार्ड शो में ऐश्वर्या राय के भांजा-भांजी, नव्या और अगस्त्य नंदा दोनों ही गए थे। एक ओर जहां छोटी नंदा वाइट आउटफिट में थी वहीं अगस्त्य ब्लैक कोट-पैंट में बहुत ही ज्यादा हैंडसम लग रहे थे। इन दोनों भाई-बहन की एक फोटो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें डैशिंग बॉय अपनी बहन के कपड़ो को ठीक करता दिख रहा है।

# वोट डालकर निकले मोहम्मद शमी ने पीएम मोदी को बोला- थैंक्यू



**समाचार गेट/एजेंसी**


**अमरोहा।** लोकसभा चुनाव के दूसरे फेज में शुक्रवार को स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी वोट डाला है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में अपने गांव में वोटिंग के बाद शमी ने मतदान की अपील करते हुए सरकार बनाने के साथ ही जरूरी मुद्दों को लेकर भी अपनी बात रखी। फिलहाल चोटिल होने के बाद क्रिकेट के मैदान से दूर चल रहे शमी ने मतदान के बाद मीडिया से बात की। शमी ने अमरोहा की जनसभा में पीएम मोदी की तरफ से तारीफ किए जाने को लेकर उन्हें धन्यवाद भी कहा है।

मतदान के बाद मीडिया से बात करते हुए मोहम्मद शमी ने पीएम मोदी द्वारा उनकी तारीफ किए जाने पर उनका शुक्रिया अदा किया। पीएम मोदी ने कहा,अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवॉर्ड दिया है। योगीजी की सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है।

पिछले हफ्ते अमरोहा की रैली में आए भारतीय पीएम मोदी ने शमी की तारीफ की थी। शमी पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के दौरान चोटिल हुए थे। इसके बाद ही शमी क्रिकेट के मैदान से दूर हैं। विश्व कप में शमी ने अपनी गेंदबाजी से खूब गदर मचाया था। उन्होंने 7 मैच में टीम इंडिया के लिए 24 विकेट झटके थे।

मोहम्मद शमी फिलहाल क्रिकेट के मैदान से दूर हैं। फरवरी महीने में एड़ी की सर्जरी के बाद से ही वह बेड रेस्ट पर हैं। सर्जरी के बाद से शमी लगातार अपनी रिकवरी को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से अपडेट देते रहते हैं। इस सर्जरी के कारण ही वह आईपीएल के 17वें सीजन में गुजरात के लिए नहीं खेल रहे हैं। अब वह इसी साल होने वाले टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाएंगे।

# एयरपोर्ट पर दो साल से पायलट बना घूमता रहा, दिखाता रहा धौंस



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ढ्ढत्रढ्ढ एयरपोर्ट पर ष्टढ्ढस्स्न ने गुरुवार को एक फर्जी पायलट को पकड़ा है। आरोपी करीब दो साल से यहां पायलट बनकर घूमता रहा लेकिन पहले कभी पकड़ में नहीं आया था। सुरक्षा अधिकारियों ने आरोपी के पास से सिंगापुर एयरलाइंस की फर्जी ढ्ढष्ठ भी बरामद की है, जो उसने गले में लटका रखी थी। ष्टढ्ढस्स्न ने आरोपी को एयरपोर्ट पुलिस को सौंप दिया है। आरोपी एस. सिंह द्वारका का रहने वाला है। CCTV कंट्रोल रूम से निगरानी कर रहे अधिकारियों ने गौर किया कि ञ्ज-3 के बाहर फोरकोर्ट एरिया में एक शख्स सिंगापुर एयरलाइंस की ड्रेस में घूम रहा है। इस दौरान वह अपनी फोटो भी ले रहा था। उसे फ्लाइट या एयरपोर्ट से जाने की भी कोई जल्दी नहीं थी। मामला संदिग्ध देख ष्टढ्ढस्स्न अधिकारी उसके पास पहुंचे। पूछताछ में उसने खुद को सिंगापुर एयरलाइंस का पायलट बताया लेकिन सिंगापुर एयरलाइंस ने कहा कि वह उसका स्टाफ नहीं है। इस पर आरोपी को पकड़ लिया गया।

**घर वालों को लगता था बेटा पायलट है!**

आरोपी के अनुसार, उसने 2018 में मुंबई से एविएशन से संबंधित कोर्स किया था लेकिन कभी पायलट नहीं बन सका। घर वालों को लगता था कि वह पायलट है और उन्हें खुश करने के लिए वह महीने में कुछ दिन पायलट की ड्रेस पहनकर घर से निकलता और एयरपोर्ट से फोटो लेकर उन्हें भेजता था। दिसंबर में उसकी मां नहीं रही तो वह पिता को खुश करने के लिए ऐसा करता रहा। पुलिस आरोपी के बयान को क्रॉस चेक कर रही है।

# फ्लाईओवर के काम से टेंशन में गुरुग्राम के लोग?



**समाचार गेट/एजेंसी**

**गुड़गांव।** दिल्ली-जयपुर हाइवे के बिलासपुर चौक पर 3 महीने बाद भी फ्लाईओवर का बेस तैयार नहीं हो पाया है। NHAI ने इसके निर्माण के लिए अक्टूबर तक की समय सीमा तय की है। ऐसे में तय समय में फ्लाईओवर के निर्माण पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एनएचएआई ने फ्लाईओवर के निर्माण की जिम्मेदारी एक प्राइवेट एजेंसी को दी हुई है। इस निर्माणकर्ता एजेंसी की लापरवाही भीषण गर्मी के बीच वाहन चालकों पर भारी पड़ रही है। बताया जाता है कि दिल्ली-जयपुर हाईवे के दूसरे प्रॉजेक्ट पर एजेंसी ज्यादा फोकस कर रही है। इस कारण बिलासपुर चौक पर पर्याप्त मैनपॉवर और मशीनरी न होने के कारण यहां काम धीमी गति से चल रहा है।

**कब शुरू हुआ था काम**

लंबे इंतजार के बाद दिल्ली-जयपुर हाईवे के नवीनीकरण के तहत बिलासपुर चौक पर जनवरी के तीसरे सप्ताह में फ्लाईओवर का निर्माण आरंभ किया गया था। इसी दौरान यहां मेन कैरेजवे के ट्रैफिक को 10 मीटर चौड़ी सर्विस रोड पर डायवर्ट किया गया। हैवी ट्रैफिक होने के कारण इस चौक पर पहले दिन से ही जाम के हालात बने हैं। यहां दिनभर चार से 5 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहता है।


**गर्मी बढ़ने के साथ जाम से दिक्कत**

गर्मी बढ़ने के साथ जाम की समस्या ने यहां सफर करने वाले वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी है। फ्लाईओवर के निर्माण के लिए हाईवे के दोनों तरफ मेन कैरेजवे तो बंद कर दिए, लेकिन एजेंसी की ओर से न निर्माण की गति तेज की जा रही है और न ही वाहन चालकों की समस्या को देखते हुए पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।

**अक्टूबर तक पूरा होगा निर्माण**

NHAI के परियोजना निदेशक अजय आर्य ने बताया कि यहां सिंगल पिलर पर फ्लाईओवर बनाया जाना है। धीमी गति से कार्य करने के लिए एजेंसी से जवाब तलब किया जाएगा। निश्चित ही अक्टूबर तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

# अक्षय तृतीया पर 10 मई को खुलेंगे गंगोत्री धाम के कपाट



**समाचार गेट/एजेंसी**

**देहरादून।** गंगोत्री धाम के कपाट इस बार अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर 10 मई को 12:25 बजे अभिजीत मुहूर्त और अमृत बेला पर खोले जाएंगे। मंगलवार को नवरात्रि की शुरुआत और नव संवत्सर पर श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के कार्यालय में कपाट खुलने का मुहूर्त निकाला गया। आगामी 9 मई को मां गंगा भाग मूर्ति को शीतकालीन स्थल मुखबा गांव से दोपहर 1 बजे उत्सव डोली में बैंड बाजों की धुन पर गंगोत्री के लिए रवाना किया जाएगा। इसके बाद उस दिन रात को भैरों घाटी स्थित भैरव मंदिर में मां गंगा की डोली विश्राम करेगी।

अगले दिन डोली सुबह यहां से गंगोत्री धाम पहुंच विधि विधान के साथ गंगोत्री धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। यमुनोत्री धाम के कपाट भी 10 मई को ही खुलेंगे जिसका शुभ मुहूर्त यमुना जयंती के दिन 14 अप्रैल को तय होगा। बता दें कि बीती 14 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 12 मई को सुबह 6 बजे ब्रह्म मुहूर्त में खोलने की तय हुई, जबकि केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को खुलने की घोषणा पंचांग गन्ना के बाद शिवरात्रि के दिन की गई।

# होडल में हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा– हरियाणा में सभी सीटों पर होगी ऐतिहासिक जीत

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल में अपने निवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा की हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा हरियाणा में सभी सीटों पर होगी ऐतिहासिक जीत उदयभान ने कहा की हरियाणा में हमने अपने 8 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए है जिसमे एक सीट आम आदमी पार्टी को मिली है 9 सीट हो गई है पूरी एक गुडगांव की सीट पर जल्द उम्मीदवार उतार देगे और उदयभान ने कहा कि सभी सीटों के उम्मीदवार अपने चुनाव प्रचार में जुट गए है उदयभान ने सभी कार्यकर्ताओं से भी अपील की है की सभी कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाए और सभी उम्मीदवारों को भारी मतों से जीत दर्ज कराए वही उदयभान ने बीजेपी पर हमला बोला और कहा की बीजेपी की अब पोल खुल गई हैं



जिस तरह से इलाक्ट्रोल बोंड, पर इनका चेहरा बेनकाब हुआ है बीजेपी को कांग्रेस का घोषणा पत्र पच नहीं रहा है उसमे कभी मुस्लिम लीग तलास करते है हा मोदी जी ने इन बातो को करके एक काम अच्छा किया की हमारे घोषणा पत्र को घर घर जरूर पहुंचा दिया है जिस जिसने हमारा घोषणा पत्र पढ़ा है वो बीजेपी को वोट कभी नही करेगा उदयभान ने कहा की केंद्र मै हमारी सरकार बनने जा रही है।

# सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच की पासिंग आउट परेड

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के कैप्टन देवाशीष शर्मा, कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड में 25 अप्रैल, 2024 को आयोजित एक शानदार समारोह में सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे के 58वें बैच के एक सौ बारह मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) के महानिदेशक और सेना चिकित्सा कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह थे। डीजीएएफएमएस ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की। परेड की कमान मेडिकल कैडेट (अब लेफ्टिनेंट) सुशील कुमार सिंह ने संभाली।एएफएमसी के 58वें बैच के कैडेटों ने एमयूएचएस शीतकालीन 2023 परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन किया और मित्र विदेशी देशों के पांच कैडेटों सहित कुल एक सौ



सैंतालीस कैडेट स्नातक हुए। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में नियुक्त एक सौ बारह कैडेटों में से सत्तासी जेंटलमैन कैडेट हैं और पच्चीस महिला कैडेट हैं। इनमें से अठासी को सेना, दस को नौसेना और चौदह को वायु सेना में नियुक्त किया गया है। कैडेटों की अनुकरणीय शैक्षणिक उपलब्धियों के अनुरूप कमीशनिंग समारोह के बाद शैक्षणिक पुरस्कार प्रस्तुति समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक और कलिंग ट्रॉफी कॉलेज के दो सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार हैं। इस वर्ष राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक फ्लाइंग ऑफिसर आयुष जयसवाल को और कलिंग ट्रॉफी सर्जन सब लेफ्टिनेंट बानी कौर को प्रदान किया गया।

पुणे का सशस्त्र सेवा मेडिकल कॉलेज देश के शीर्ष पांच मेडिकल कॉलेजों में सम्मिलित है। गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त, एएफएमसी को राष्ट्र के लिए 75 गौरवशाली वर्षों की सेवा के लिए 01 दिसंबर, 2023 को माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित किया गया था। इसे 18 मार्च, 2024 को जनरल अनिल चौहान, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) द्वारा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यूनिट प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया गया।

इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने वालों में वरिष्ठ सेवारत अधिकारी, अनुभवी, संकाय अधिकारी, चिकित्सा और नर्सिंग कैडेट, कमीशन प्राप्त कैडेटों के माता-पिता और परिवार शामिल थे।

एएफएमसी में शानदार पासिंग आउट परेड समारोह लेफ्टिनेंट जनरल नरेंद्र कोटवाल, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, निदेशक और कमांडेंट और मेजर जनरल गिरिराज सिंह, डीन और डिप्टी कमांडेंट, एएफएमसी के संरक्षण में आयोजित किया गया।

# होडल पुलिस ने 7 अलग-अलग मामलों में अवैध शराब सहित तस्कर आरोपी धरे

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** एसपी डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव मध्यनजर अलर्ट पलवल पुलिस की शराब तस्करी पर बड़ी कार्यवाही, तस्करों की खैर नहीं। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव मध्य नजर एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत दिनांक 25 अप्रैल 2024 को होडल थाना प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद इलियास की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल साहूद अहमद ने गढ़ी मोड़ होडल पर नाका बंदी कर गाडी सवार चालक भिडूकी निवासी आरोपी को 5 पेटी बीयर मार्का कार्लस्बर्ग वा 2 पेटी रॉयल स्टेज अवैध शराब सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।



इसके अलावा दूसरे मामले में होडल थाना में ही तैनात उप निरीक्षक संजय कुमार की टीम ने गढ़ी मोड़ होडल से सवारी के इन्तजार मे खडे आर्य नगर कोसी कला थाना कोसी कला जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) निवासी तस्कर को दो प्लासटिक कट्टा जिनके अंदर 145-145 पव्वा(कुल 190 पव्वा) शराब देशी मार्का मस्ताना सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

वहीं तीसरे मामले में होडल थाना में ही तैनात हेड कांस्टेबल हकीमुद्दीन की टीम ने गढी मोड होडल से सवारी के इन्तजार मे खडे कोटवन थाना कोसीकला यूपी निवासी तस्कर को 60 पव्वा शराब देशी मार्का मस्ताना अवैध शराब सहित काबू किया।

इसी प्रकार चौथे मामले में होडल थाना में ही तैनात हेड कांस्टेबल हकीमुद्दीन की टीम ने कट्टा पलासटिक के अन्दर 150 पव्वा मार्का मस्ताना अवैध शराब सहित सवारी के इन्तजार मे खडे कोसीकला यूपी निवासी तस्कर को डबचिक के सामने नेशनल हाइवे से काबू किया।

वही पांचवें मामले में होडल थाना अंतर्गत चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल लियाकत अली की टीम ने पुन्हाना मोड होडल के पास नाकाबन्दी कर पैदल आ रहे गांव नई थाना बिछोर जिला नूह निवासी तस्कर को 50 पव्वा शराब देशी मार्का मस्ताना सहित काबू किया।

छठवें मामले में क्राइम ब्रांच होडल में तैनात हेड कांस्टेबल रिंकू की टीम ने गोढोता निवासी तस्कर को गाँव गोढोता में अपनी परचुन की दुकान के सामने प्लासटिक कट्टा में शराब रखकर आने जाने वाले ग्राहको को देशी शराब बेचते हुए काबू किया साथ ही आरोपी से प्लासटिक कट्टा में 160 पव्वा देशी शराब मार्का मस्ताना बरामद की।

वही सातवें मामले में होडल थाना में ही तैनात हेड कांस्टेबल साहूद अहमद की टीम ने गढ़ी मोड़ होटल पर नाकाबंदी कर अलीखा थोक लालपुर थाना कोसीकला जिला मथुरा यू०पी निवासी तस्कर को 139 पव्वा शराब देशी मार्का मस्ताना सहित काबू किया।


# होडल हसनपुर व मुंडकटी पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी अंशु सिंगला पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में हसनपुर व मुंडकटी पुलिस द्वारा लोक सभा चुनाव मध्य नजर आ विशेष अभियान के तहत शराब तस्करों पर प्रहार करते हुए अवैध शराब पकड़ी है इसी मुहिम के तहत एक मामले में हसनपुर थाना में तैनात उप निरीक्षक रामानंद बताया की हमारी टीम ने भिडुकी से ऐच रोड पर नाकाबन्दी किए हुए थे तभी एक व्यक्ति ऐच थाना कोसीकला यूपी निवासी तस्कर को कट्टे के अन्द्रर 96 पव्वा मार्का मस्ताना देशी शराब लेकर आ रहा था पुलिस को देख भागने लगा तस्कर को भागता देख पुलिस ने उस व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया। वही दूसरे मामले में पुलिस ने बताया की मुंडकटी थाना में तैनात हेड कांस्टेबल सुंदर की टीम ने मितरौल निवासी आरोपी को दुकान के बहार प्लासटिक के कट्टे में अवैध शराब रखकर बेच रहा




था पुलिस ने शराब बेचते को पुलिस ने काबू किया साथ ही उसकी अवैध शराब के 54 पव्वा देशी शराब मार्का मस्ताना बरामद की है पुलिस ने बताया की अवैध शराब तस्करों को बक्शा नही जाएगा और कहा की उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।






## संपादकीय

# कांग्रेस की वह गलतियां जिसके चलते जनता नाराज है!




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

लगभग एक साल पहले कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा की 224 में से 136 सीटों पर जीत हासिल करके प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनाई थी। लेकिन एक साल के भीतर ही कर्नाटक के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जिस तरह कांग्रेस के प्रति नाराजगी दिखने लगी है वह दर्शा रही है कि चुनावों में किये गये वादे पूरे नहीं किये जायें तो जनता सबक सिखाने को तैयार रहती है। खास बात यह है कि कर्नाटक में दी गयी गारंटियों को पूरा करने के दावे के आधार पर कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए जारी अपने घोषणापत्र में तमाम तरह की गारंटियां दी हैं। लेकिन जब आप कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटियों के बारे में जनता से राय लेंगे तो पाएंगे कि दिल्ली में जो दावे किये जा रहे हैं वह खोखले हैं।

हमने कर्नाटक के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का कहना था कि बिजली के बिल में कटौती की जगह बिजली की कटौती होने लगी है। शहरी क्षेत्रों में व्यापारियों ने कहा कि कमर्शियल यूज के लिए बिजली की दरों में बार–बार इजाफा किया जा रहा है जिससे हम पर भार पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हमसे पैसा लेकर दूसरों को सबसिडी दे रही है जोकि गलत है। गांवों में किसानों और दुग्ध उत्पादकों ने कहा कि हमसे किये गये वादे पूरे नहीं किये गये। शहरी क्षेत्रों में गैर–लग्जरी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा का उपयोग करने वाली महिलाओं ने कहा कि यह देश का चुनाव है इसलिए हम प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से जब हमने मुफ्त यात्रा सुविधा के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि एक तो बसें कम हैं और दूसरा जो बसें हैं वह खटारा जैसी हैं और प्रदूषण फैलाती हैं इसलिए ऐसी सुविधा का हमें कोई फायदा नहीं।

हमने गांवों और शहरों में एक चीज समान रूप से पाई कि लोग यह कहते दिखे कि हमें मुफ्त की सौगात नहीं चाहिए। लोगों ने कहा कि हम कमा कर खाना चाहते हैं और सभी चीजों का बिल भी अपनी जेब से भरना चाहते हैं। लोगों ने कहा कि हम सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहते इसलिए सरकार को मुफ्त रेवड़ियां बांटने की बजाय रोजगार के अवसर मुहैया कराने पर जोर देना चाहिए। हमने पाया कि कर्नाटक में राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और विकास इस चुनाव में बड़े मुद्दे हैं। हमने पाया कि भाजपा से बेहतर बूथ प्रबंधन किसी अन्य पार्टी के पास नहीं है। हमने पाया कि महिला शक्ति का समर्थन सर्वाधिक भाजपा के साथ है। हमने पाया कि युवा शक्ति का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है। हमने पाया कि पहली बार मतदान करने वाले से लेकर बच्चे तक की जुबान पर मोदी का नाम है।

2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 43 प्रतिशत मत हासिल किये थे। पिछले लोकसभा चुनावों में कर्नाटक उन राज्यों में शुमार था जहां भाजपा ने 51 प्रतिशत से अधिक मत हासिल किये थे। इस बार के चुनावों में भी वही स्थिति देखने को मिल सकती है। पिछले चुनावों में भाजपा ने राज्य की 28 में से 25 सीटों पर विजय हासिल की थी, ऐसा लगता है कि इस बार भी वही स्थिति रह सकती है या भाजपा और आगे भी जा सकती है। कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत छवि का लाभ भाजपा को मिलता दिख रहा है और जिस तरह हाल ही में बेंगलुरु के एक कैफे में धमाका हो गया था उसको देखते हुए लोगों के मन में यह भावना प्रबल हुई है कि सुरक्षा हालात भाजपा के राज में ही बेहतर होते हैं।

कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के समय साइडलाइन किये गये पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को भाजपा जिस तरह इस बार पूरा महत्व दे रही है उसका जातिगत असर होता भी दिख रहा है। भाजपा ने येदियुरप्पा के बेटे विजयेंद्र को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी सौंपी है। येदियुरप्पा का लिंगायत समुदाय पर बड़ा प्रभाव है जोकि राज्य में बड़ा सामाजिक वर्ग है। वहीं जनता दल सेक्युलर का प्रभाव वोक्कालिगा समुदाय के बीच काफी अच्छा माना जाता है। इस समय कर्नाटक में जो सामाजिक समीकरण हैं उसके मुताबिक लिंगायत और वोक्कालिगा की ताकत के साथ जब प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता जुड़ जायेगी तो इस गठबंधन का बेड़ा पार होना आसान हो जायेगा। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा राज्य में काफी सम्मानित नेता हैं। उन्होंने मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया है और लगातार साक्षात्कारों और बयानों के जरिये वह जिस तरह मोदी के लिए समर्थन मांग रहे हैं उसका भी बड़ा असर कर्नाटक की राजनीति में देखा जा रहा है। खुद पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता येदियुरप्पा भी कह चुके हैं कि जनता दल सेक्युलर के साथ गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनावों के लिए ही नहीं है बल्कि यह आगे तक के लिए है।

# डॉ. एलसी जोशी भिवानी–महेंद्रगढ या करनाल लोस क्षेत्र से हो सकते है इनेलो पार्टी के उम्मीद्वार

## कौर कमेटी की बैठक में अंतिम दौर में पंहुची वार्ता



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** क्षेत्र के प्रसिद्व समाज सेवी डॉ एलसी जोशी भिवानी–महेंद्रगढ या करनाल लोकसभा चुनाव क्षेत्र से इनेलो पार्टी प्रत्याशी हो सकते हैं। अटेली हलके के प्रसिद्व गांव राताकलां से ताल्लुक रखने वाले डॉ एलसी जोशी के नाम पर पार्टी हाईकमान व कौर कमेटी ने लगभग तय कर दिया है। पार्टी की ओर जातिगत समीकरण पर फोकस किया जा रहा हैं। करनाल लोकसभा क्षेत्र को ब्राह्मण बाहुल्य माना जाता है। यहां से पार्टी की ओर कोई प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। डॉ एलसी जोशी का नाम फाइनल दौर में है। फैसला होते ही उनके नाम की घोषणा कर दी जाएगी। भिवानी महेंद्रगढ लोकसभा सीट से जेजेपी की ओर से नांगल चैधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा जा चुका है, जो अहीर मतदाताओं को लुभाने कर रहे हें इसी प्रकार कांग्रेस पार्टी ने महेंद्रगढ के विधायक राव दान सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया है। उनके मैदान में आने से अहीर मतदाता के वोट बंटने के आसार बनते दिखाई दे रहे हैं। भाजपा की ओर से चै धर्मबीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। श्रुति चैधरी को टिकट न देकर हुड्डा गुट ने लौह पुरूष चै बंसीलाल परिवार को निपटा दिया है। करीब साढे तीन दशक बाद बंसीलाल परिवार को ऐसी स्थिति का समाना करना पड रहा है। डॉ एलसी जोशी छात्र जीवन से राजनीति से जुडे रहे हैं जो वर्तमान में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर विराजमान हैं।

# अग्रवाल कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** शुक्रवार को अग्रवाल कॉलेज में पीजी के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह में हिंदी, अर्थशास्त्र और अंग्रेजी विभाग के लगभग 150 विद्यार्थी शामिल हुए। जिनमें से कुछ विद्यार्थियों ने अनेक प्रस्तुतियों के साथ–साथ अपने कॉलेज जीवन के अपने अनुभवों, उपलबधियों को साँझा करते हुए विद्यार्थियों को आगामी भविष्य के लिए सुझाव भी दिए। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता के संरक्षण में कॉलेज में अनेक शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में यह विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर संजीव गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को कड़ी से कड़ी मेहनत करने में विश्वास रखना चाहिए और मेहनत करने वालो का भाग्य भी साथ देता है तभी वह अपने सही मुकाम को प्राप्त कर पाते हैं। कार्यक्रम में हिंदी विभाग से मिस फेयरवेल नैंसी को, मिस्टर फेयरवेल मोहित गर्ग और स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर रुचि रहे। अर्थशास्त्र विभाग में मिस फेयरवेल गुंजन सिंह और स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर सोनिया रही। अंग्रेजी विभाग में मिस फेयरवेल में नीतू और स्टूडेंट ऑफ द ईयर नेहा रही। मनोरंजन और प्रतिभा से भरे इस विदाई समारोह में हिंदी, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विभागों के सभी प्रवक्ताओं के सहयोग से यह कार्यक्रम सार्थक एवं सफल रहा।

# मतदान सामग्री रखने और मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्र वाईज बनाएं गए हैं हाल : जिलाधीश विक्रम सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश/ जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 10–फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र के लिए होने वाले आम लोकसभा चुनाव–2024 के संबंध में 85–पृथला विधानसभा क्षेत्र के लिए पंजाबी भवन सेक्टर–16 में 86–फरीदाबाद, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के लिए लखानी धर्मशाला, 87–बड़खल विधानसभा खंड के लिए दौलत राम खान धर्मशाला, एनआईटी में, 88– बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्ल्स कॉलेज में सुषमा स्वराज सेक्टर–2 हाल में 89–फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम, डीएवी स्कूल, सेक्टर–14 और 90–तिगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए गुर्जर भवन, सेक्टर–16 के हाल को मतदान सामग्री रखने के लिए और 25 मई को मतदान के बाद मतगणना केन्द्र बनाया गया है। जिलाधीश कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपयोग के लिए ईवीएम और चुनाव सामग्री के भंडारण के लिए एक गणना केंद्र के रूप में उपयोग किए जाएंगे। इन सभी केन्द्रों पर 25 मई को मतदान के बाद भंडारण और उसके बाद 04.06.2024 को 10–फरीदाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से संबंधित वोटों की गिनती के लिए उपयोग किए जाएंगे। जिलाधीश विक्रम सिंह ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 और सरकार, गृह विभाग की अधिसूचना द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया है।

उक्त संपतति के मालिक या उस व्यक्ति को, जिसे वह संपतति दी गई है, चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 98 द्वारा निर्धारित तरीके से उसे सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को कब्जा सौंपने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

# कचरा प्रबंधन नहीं करने वालों पर निगम की कार्यवाही जारी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ठोस कचरा प्रबंधन निगम 2016 में दी गई जिम्मेदारियों का पालन नहीं करने वालों पर नगर निगम फरीदाबाद अब सख्त हो गया है। शहर की सफाई व्यवस्था के लिए यह आवश्यक है कि सभी बल्क वेस्ट जनरेटर अपने यहां ठोस कचरा प्रबंधन निगम की पालना सुनिश्चित करे। वीरवार को नगर निगम की टीम ने सेक्टर–16 स्थित ओम स्वीटस एवं सागर रतना रेस्टोरेन्ट पर नियमों की अवहेलना के चलते 25–25 हजार रूपये प्रत्येक रेस्टोरेन्ट पर जुर्माना लगाया गया। नगर निगम फरीदाबाद के स्वच्छता शाखा की टीम के सहायक अभियन्ता सुरेन्द्र खटटर एवं कनिष्ठ अभियन्ता हर्ष कुमार, महेश कुमार, अजायब सिंह, अरूण ढाका ने यह कार्यवाही की। सहायक अभियन्ता ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ प्रतिदिन जोनों में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों की जांच कर रहे है। जांच के दौरान नियमों की पालना सुनिश्चिति नहीं पाये जाने पर संबंधित का चालान किया जा रहा है। साथ ही कचरा प्रबंधन के निर्देश भी दिए जा रहे है। नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त महोदया ए मोना श्री निवास द्वारा बार–बार बल्क वेस्ट जनरेटरों के मालिकों से अपील की जा रही है कि वे नियम के तहत अपने कचरे का निस्तारण अपने ही परिसर में करने की व्यवस्था करे। इससे फरीदाबाद के कचरा प्रबंधन में मदद मिलेगी तथा बंधवाड़ी में कचरे को खत्म करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के अनुसार औसतन 50 से 55 प्रतिशत कचरा बल्क वेस्ट जनरेटरों का होता है। सरकार द्वारा लागू ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 में यह स्पष्ट किया गया है कि प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पादकों को अपने कचरे का निष्पादन स्वयं करना जरूरी है। इसके लिए गीले, सूखे व हानिकारक कचरे को अलग–अलग किया जाए। नियमो की अवहेलना करने पर जुर्माने का प्रावधान है।

# व्यवसायिक शिक्षा को बढावा देने के लिए खेडी गांव में निकाली जागरूक्ता रैली




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेडी तलवाना के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने शुक्रवार को जागरूक्ता रैली निकाली। जिसमें उन्होंने ग्रामीणों को अपने बच्चों को दाखिला सरकारी स्कूल में करवाने का आव्हान किया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार लाटा ने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से सरकारी स्कूलों में सकिल डेवलपमेंट के लिए व्यवसायिक शिक्षा को बढावा दिया जा रहा है। उन्होंने वोकेशनल शिक्षा की जानकारी दी ओर अभिभावकों को अत्यधिक दाखिले करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय में आईटी एवं पेशेंट केयर असिस्टेंट विषय की पढाई करवाई जा रही है। स्कूल शिक्षक सतबीर सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से विद्यार्थियों को एकेडमिक शिक्षा के साथ–साथ सकिल डेवलपमेंट की शिक्षा भी दी जा रही है। जिसका उन्हें लाभ उठाना चाहिए।

# एसडीजेएम मेनका सिंह की सीजेएम पर पर हुई पदोन्नति



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सिविल कोर्ट की एसडीजेएम मेनका सिंह की सीजेएम पद पर पदोन्नति होने तथा रेवाडी बदली होने पर बार एसोसिएशन की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। वकीलों ने सीजेएम मेनका सिंह की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कानून के दायरे में रहते हुए केसों का निपटारा किया। मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव से अधिवक्ताओं की राय को सुना। दूसरी ओर अधिवक्ताओं ने हांसी से बदली होकर आए एसडीजेएम संजीव काजला व सोनीपत से बदली होकर जेएमआईसी प्रवीन कुमार का अभिनंदन किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के प्रधान सुनील यादव रामबास,अधिवक्ता ओपी यादव,दीपक चैधरी, केसी गुप्ता,गिरवर कौशिक, रमेश कौशिक, कुलदीप यादव, सनील कुमार, संदीप सिंह, बबीता चैहान, मीनाक्षी, खुशबु बंसल, ममता तंवर उपस्थित थे।

# कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नैशनल ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस–वे 152डी पर सेहलंग–बागोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा बीते समय शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 411 वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता हंसकुमार ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद सरकार में मंत्री नितिन गडकरी की ओर द्वारा कट बनाए जाने का आश्वासन दिया गया था उसके बावजूद भी धरातल पर कार्य शुरू नहीं होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। धरनारत ग्रामीण 40 डिग्री तापमान में भी धरने पर अडिग हैं। सरकार द्वारा एनएच 152डी पर कट का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाना चाहिए। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि ग्रामीण कट बनाने की मांग को लेकर सालभर से अधिक समय हो गया है। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। जिससे उनमें रोष बढ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर प्यारेलाल, वेदप्रकाश, नरेंद्र शास्त्री,बाबूलाल, बेड़ा सिंह, रामकिशन, सूबेदार सुखबीर सिंह, हरिओम पोता, धर्मपाल सिंह,मुंशी राम, सूबेसिंह,रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, शेर सिंह हाजिर थे।

# स्कूल बस हादसें में संलिप्त व्यक्तियों को कोर्ट ने 10 मई तक भेजा न्यायिक हिरासत में

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** 11 अप्रैल को उन्हाणी के समीप हुए सडक हादसे में मारे गए 6 मासूम विद्यार्थियों की घटना के बाद पुलिस की ओर से जेल भेजे जा चुके व्यक्तियों की शुक्रवार को वीसी के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान कोर्ट ने उनकी दलीलें सुनकर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

उनकी आगामी पेशी 10 मई को होगी। पुलिस के अनुसंधान अधिकारी अमरदीप ने बताया कि स्कूल प्रबंधन से जुडे चेयरमैन राजेंद्र सिंह,प्राचार्य दीप्ति राव, शिक्षा समिति के चेयरमैन होशियार सिंह, के अलावा बस चालक धमेंद्र वासी सेहलंग उसके साथ बस में शराब पीने वाले हरीश, भूदेव, संदीप व नरेश कुमार सहित 8 व्यक्ति काबू किए जा चुके हैं। विद्यालय के एमडी सुभाष लोढा पुलिस पकड से बाहर हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी का आज भडफ में होगा स्वागत

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** भिवानी–महेंद्रगढ लोकसभा चुनाव क्षेत्र से राव दान सिंह को कांग्रेस पार्टी की टिकट मिलने पर पूर्व सीपीएस अनिता यादव ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चै.भूपेंद्र सिंह हुड्डा,कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्ष चै.उदयभान व राज्य सभा सांसद चै.दीपेंद्र हुड्डा ने सहमति से अहीरवाल के नेता को चुनाव मैदान में उतारा है। जिस पर अटेली हलके के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। अनिता यादव ने कहा कि टिकट मिलने के बाद 27 अप्रैल को पहली बार अटेली हलके के गांव भडफ पंहुचने पर राव दान का स्वागत किया जाएगा। सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
9687622165l 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक–युवती अपना बायोडेटा मेल करें–
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर–61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# बिजली कर्मचारियों के मुद्दे व धरातलीय समस्याओं को लेकर एक्सईएन से यूनियन का प्रतिनिधिमण्डल मिला : लेखराज चौधरी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम ट्रांसमिशन एन्ड सिस्टम के अधीक्षक अभियन्ता दीपक गर्ग से सेक्टर-23 स्तिथ कार्यालय पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के डीएचबीवीएन के सर्कल सचिव विनोद शर्मा एवम एचवीपीएन के सर्कल सचिव प्रीतम सिंह सहित एचएसईबी वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों की एक आवश्यक मीटिंग बिजली कर्मचारियों की धरातलीय समस्याओं के मुद्दे पर हुई। जिसमें बिजली निगम कर्मचारियों की सरकारी आवासीय कॉलोनियों के बुरे हालातों पर एक्सईएन को अवगत कराते हुए समाधान के साथ निदान करने की बात रखी । जिनमे सेक्टर-दो स्तिथ सीही की ए-05 पावर हाउस कॉलोनी, पल्ला पावर हाउस की ए-02, सेक्टर-18 की ए-04, प्याली चौक स्तिथ एफसीआई और सेक्टर-23 की बिजली कर्मचारी के मकानों में दरारें पड़ना, फर्श का डैमेज हो जाना, कमरों की बिजली की वायरिंग शार्ट होना, सीवरेज ब्लॉकिंग रहना, कमरे जर्जर और उनके गिरते हुए लेंटर, बिजली घरों के दयनीय हालातों आदि के मुख्य बिंदुओं पर यूनियन के नेताओं ने एक्सईएन कार्यालय घेर मीटिंग करते हुए कर्मचारी मुद्दों को प्रमुखता के साथ रखा और इस पर यूनियन नेताओं को आश्वस्त कराते हुए एक्सईएन दीपक गर्ग ने दो महीने का इन सभी कामों के समाधान हेतु अतरिक्त समय माँगा । पावर हाउसों यानी बिजली घरों पर लगे शिफ्ट अटेंडनेट कर्मियों और असिस्टेंट शिफ्ट अटेंडेंट कर्मियों की एचवीपीएन व डीएचबीवीएन के पावर हाउसों पर भारी कमी है । जबकि एक पावर हाउस पर तकरीबन छह से आठ कर्मचारियों के साथ दो जूनियर इंजीनयर की जरूरत काम करने के लिये पड़ती है । लेकिन कर्मियों की कमी के चलते पावर हाउसों पर तीन शिफ्टों में काम करने वाले केवल दो या तीन ही कर्मचारी इन्हें चलाने को बेबस हैं । लेकिन कर्मचारियों की कमी को पूरा करने में बिजली निगम के अधिकारियों के कानों पर जूं नही रेंगती । मीटिंग के इस अवसर पर सन्तराम लाम्बा, लेखराज चौधरी, सुरेन्दर शर्मा, मुकेश धतीर, मामचन्द, मोहित, दिगम्बर, विक्की, चतर सिंह, विपिन, राजकुमार, किशन सिंह आदि कर्मचारी नेता उपसतिथ रहे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व हरियाणा के कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया के नेतृत्व में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से प्रत्याशी राव दानसिंह को उम्मीदवार घोषित किए जाने पर समाज सेवी कांग्रेस नेता राजबीर फरटिया के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई और कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कहां की भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार राव दानसिंह को लोहारू विधान सभा क्षेत्र से भारी मतों से जीता कर भेजेंगे।



# पशुओं को गर्मी में लू से बचाने के लिए पशुपालक बरते एतिहात

**पशुओं को गर्मी के मौसम में कई बार पानी पिलाना चाहिए : उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत**

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**लोहारू, 26 अप्रैल।** पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत ने बताया कि आने वाला समय गर्मी व लू का है। एसडीएम अमित कुमार के मागदर्शन में पशुओं को गर्मी में लू से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा आवश्यक दिशा- निर्देश जारी कर दिये गए। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की कि पशुओं की उत्पादन क्षमता को बनाए रखने व गर्मी की लू के कारण बीमार न होने से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा जो आदेश दिये जाते है उनकी निरन्तरता पालना करें। उपनिदेशक ने बताया कि पशुओं का शेड खुला एवं हवादार होना चाहिए तथा शेड की छत ऊंची होनी चाहिए, अगर शेड की छत टीन की बनी है तो उस पर पराली आद की परत डाल देनी चाहिए ताकि शेड के अन्दर का तापमान कम रहे। पशुओं के शेड की दिशा पूर्व से पश्चिम की तरफ होनी चाहिए। पशु शेड के बाहर खुले में केवल घने छायादार वृक्ष के नीचे ही पशुओं को बांधे। पशुओं के शैड में पंखे व डेर्जट कुलर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि पशुओं को कम से कम दो बार जोहड़ आदि में ले जाना चाहिए और पुशओं को पीने का पानी थोड़ा ठंडा पिलाना चाहिए और दिन में कई बार पानी पिलाना चाहिए। छोटे पशुओं के लिए ध्यान रखा जाए कि पानी की होदी की ऊंचाई कम होनी चाहिए अन्यथा उसके लिए खुले मुंह का बर्तन में पानी पीने की व्यवस्था करें। गांव के सार्वजनिक स्थलों पर स्थित पानी की होदियों में पशुओं के पीने के लिए स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। गर्मीयों में हरे चारे की कमी रहती है इसलिए उपलब्धता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए तथा हरे चारे का संरक्षण कर साईलेज को प्रयोग भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पशुओं को आहार सुबह जल्दी व सांय को देना चाहिए। पशुओं को संतुलित व पौष्टिक आहार देना चाहिए तथा आहार में खनिज मिश्रण का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने बताया कि गर्मियों में भैंस मद के दौरान केवल तार देती है व बोलती नहीं है इसलिए सुबह व सांय को पशु मद में है या नहीं है इसकी जांच अवश्य करवाएं। विदेशी नस्ल या संकर प्रजाति की गायों में इस मौसम में दुध उत्पादन में भारी कमी आ जाती है इसलिए उन्हें उष्मीय तनाव से बचाने के लिए विशेष ध्यान देना अति आवश्यक है। यदि किसी पशु को लु लग जाए तो पशु पालक तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सा केन्द्र में सम्पर्क कर सकते है और अपने पशु का इलाज करवा सकते है।

# पत्रकार जुबेर खान व उनके परिवार पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

## घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** गुरुवार को नूंह खंड के गांव मरोड़ा में पत्रकार जुबेर खान व उनके परिवार पर गांव निजामपुर के दबंगों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित जुबेर खान के हाथ में काफी चोट आई है। इसके अलावा उनके भाई शौकत, पिता शेरमोहम्मद व मां जुबेरा को भी चोट लगी है। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को पत्रकार जुबेर खान के छोटे भाई शौकत गांव मरोड़ा में अपनी प्लॉट पर निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके गांव निजामपुर निवासी आरोपी सुलेमान, शमीम पुत्र सुलेमान, नसीम पुत्र सुबेदीन, असफाक होमगार्ड व राहुल, सारिक सहित अन्य 5-6 ने आकर बिना कारण उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें पत्रकार जुबेर खान के पिता शेरमोहम्मद व मां जुबेदा के साथ उनके भाई को काफी चोट आई। आरोपी भागते समय पीड़ितों को हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इसके बाद शोर सुनकर गांव मरोड़ा के लोगों ने बीच बचाव किया। कई पड़ोसियों ने आकर उनको नूंह सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उनकी हालात को देखते हुए नलहड मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां पर वह सभी उपचाराधीन है। चिकित्सकों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित शेरमोहम्मद के हाथ, पैर के साथ पेट में काफी चोट आई है। इसके अलावा जुबेर की मां को भी सिर के साथ हाथ पैर में कई चोट लगी है। उनका चिकित्सकों द्वारा सीटी स्कैन किया जा रहा है। इसके बाद ही पता चल पाएगा। इसके अलावा पत्रकार जुबेर खान के हाथ में भी कई चोट लगी है। पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी गांव में पूर्व से दबंगई के साथ रहते हैं। आरोपी गांव के साथ शहर में भी कई तरह के गलत कार्य करते हैं। उक्त आरोपियों पर अभी पुलिस की कोई नजर नहीं है। ऐसे में उन्होंने मांग की जल्द से जल्द दबंगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**शिकायत मिलने पर करेंगे कार्रवाई :**

इस बारे में नूंह सदर थाना प्रभारी चंद्रभान ने बताया कि अभी पीड़ित परिवार की और से पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर इस मामले में जांच के बाद आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस अधीक्षक से कड़ी कार्रवाई की मांग :**

इस बारे में हरियाण पत्रकार संघ के जिला प्रधान नरेश गर्ग व वेल बिइंग एसोसिएशन के जिला प्रधान युनूस अलवी सहित अन्य पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनियां से मांग की इस तरह के दंबगों पर पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। पत्रकार संघ पत्रकार के साथ हुए हमले की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

# वर्ल्ड हीमोफिलिया का आयोजन जिला अस्पताल मांडीखेड़ा में किया गया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** वर्ल्ड हीमोफिलिया दिवस प्रति वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जाता हैं। हीमोफिलिया पखवाड़ा के तहत 25 अप्रैल को वर्ल्ड हीमोफिलिया का आयोजन जिला अस्पताल मांडीखेड़ा मे किया गया। जिसमे डॉक्टर्स ,स्टाफ नर्स और लैब टेक्नोलॉजिस्ट सहित लैब में उपस्थित ट्रेनिंग स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर स्वाति यादव ने हीमोफिलिया के बारे में बताते हुए कहा कि हीमोफिलिया एक अनुवांशिक बीमारी है । आम तौर पर यह बीमारी पुरुषों मे पाई जाती हैं इस बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति में रक्त का थक्का नही बनता है जो जानलेवा हैं । हीमोफिल्या दो प्रकार का होता है, हीमोफिलिया ए, दूसरा हीमोफिलिया बी हीमोफिलिया के मरीजों के एड़ी व घुटनों में सूजन आ जाती है और जोड़ टाइट हो जाते हैं। बेवजह नाक से खून बहने लगता है और चोट लगने व दांत टूटने पर खून का लगातार बहना इसके सामान्य लक्षण है। डिप्टी सिविल सर्जन, (मेवात) डॉक्टर परवीन राज तंवर ने बताया की ज़िला मेवात में हीमोफिलिया के मरीजों का इलाज व एम्बुलेंस अन्य सुविधायें मुफ्त उपलब्ध हैं।




# लोस चुनाव में उम्मीदवारों के प्रचार-प्रसार के खर्च का ब्यौरा होगा खर्च खाते में दर्ज

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के प्रचार-प्रसार से संबंधित कार्यक्रमों, जनसभाओं, विज्ञापनों, पोस्टर, बैनरों, गाडिय़ों आदि पर होने वाले खर्च का ब्यौरा एकत्रित किया जाएगा। इसके लिए जिला में खर्च निरीक्षण समिति बनाई गई है, जो सभी प्रकार के खर्च का ब्यौरा उम्मीदवार व पार्टी अनुसार एकत्रित करेगी और इसकी रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। इसके लिए सभी कार्यक्रमों आदि की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी और सभी का खर्च उम्मीदवार के खर्च खाते में शामिल किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एमसीसी के नोडल अधिकारी आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न पार्टियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए आयोजित होने वाली जनसभाओं, कार्यक्रमों आदि की वीडियो रिकार्डिंग अवश्य करवायें तथा उन पर होने वाले खर्च का ब्यौरा तैयार कर उम्मीदवारों के खर्च खाते में दर्ज करें। इसके साथ ही सहायक रिटर्निंग अधिकारी जनसभाओं की वीडियो रिकार्डिंग को देखकर यह सुनिश्चित करेंगे कि जनसभा में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हुआ हो। अगर एमसीसी का उल्लंघन पाया जाता है तो उसके लिए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# भाजपा नेताओं ने ली पदाधिकारी बैठक, रैली स्थल का निरीक्षण भी किया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आज पुन्हाना में होने वाली माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पुन्हाना विधानसभा की विजय संकल्प रैली की तैयारियों को लेकर आज पुन्हाना में विधायक दीपक मंगला, जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल व पुन्हाना विधानसभा चुनाव प्रभारी चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नेतृत्व में विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई, जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जान मौश जिला प्रमुख, पूर्व चेयरमैन औरंगजेब, सलीम खान सरपंच, तौफीक जिला पार्षद, भाजपा नेता यादराम गर्ग, जिला महामंत्री शिवकुमार आर्य बंटी, लेखराम, खिलोनी राम आदि के अलावा काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक के बाद रैली स्थल का भी मुआयना करने पहुंचे विधायक दीपक मंगला, पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन, जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल व अन्य वरिष्ठ नेतागण। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि पुन्हाना विधानसभा में होने वाली मुख्यमंत्री की विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक होगी, हजारों लोग इस रैली में शामिल होंगे। पुन्हाना विधानसभा के लोगों में रैली को लेकर भारी जोश व उत्साह है।



# 21 वर्षीय युवति जेवरात, मोबाईल फोन तथा नकदी लेकर हुई गायब

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से 21 वर्षीय आठवीं कक्षा पास युवति रात्री के समय लापता हो गई। प्रताप ने थाने में दी शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल को उन्होंने सुबह उठकर देखा तो उसकी पुत्री घर पर नहीं थी। तहकीकात करने पर मालुम हुआ कि घर में रखे जेवरात,मोबाईल फोन तथा 30 हजार रूपये की नकदी भी गायब है। परिजनों ने अपने स्तर पर युवति की खोजबीन लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। शिकायत में भीमसिंह व बीरसिंह वासी चितोकडी,जिला भरतपुर राजस्थान तथा राजेश वासी बहरोड,जिला अलवर राजस्थान पर युवति को अगवा करने का शक जताया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर युवति की तलाश शुरू कर दी है।

# हादसाग्रस्त कार का टायर व स्टेपनी चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने धरा

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना कोर्ट में प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता श्रीकृष्ण का सडक हादसे में निधन होने के बाद उनकी हादसाग्रस्त कार की स्टेपनी व टायर चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस बारे में अधिवक्ता सुनील कुमार वासी गाडवास ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 22 अप्रैल को कनीना से महेंद्रगढ जाते समय बूचावास गोशाला के समीप श्रीकृष्ण यादव की कार का एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें उनकी दर्दनाक मृत्यू हो गई थी। 24 अप्रैल को जब वह मौके पर गाडी देखने गया तो कार का टायर व स्टेपनी गायब थी। पुलिस ने टायर व स्टेपनी चोरी के आरोपी को काबू कर चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया। आरोपी की पहचान रवि कुमार वासी बागोत,थाना कनीना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।






# भाजपा की महंगाई, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी से तंग आ चुकी है जनता : सुनील तेवतिया

### इनेलो उम्मीदवार ने दादा भोमिया स्थान पर माथा टेक शुरु किया चुनाव प्रचार अभियान



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद इनेलो के लोकसभा उम्मीदवार सुनील तेवतिया ने आज सुबह दादा भोमिया के स्थान पर जाकर माथा टेका और आर्शीवाद लिया।

इसके बाद अपने पैतृक गांव सीही से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर गांव सीही में उनके पक्ष में जहां पूरे परिवार के लोग एकत्रित हुए। जिसमें गांव के मौजिज लोगों ने एक स्वर में अपने बेटे का पगड़ी बांधकर स्वागत किया और एक तरफा समर्थन देने की घोषणा भी की। साथ ही साथ प्रत्येक गांव में जाकर-जाकर श्री तेवतिया के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुनील तेवतिया ने गांव वासियों का सिर झुका कर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व विधायक अभय चौटाला ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है और जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक सीही गांव की आन-बान और शान रहे स्व. धर्मवीर वशिष्ठ जोकि यहां से सांसद रहे। अगर ग्रामीणों का आर्शीवाद उन पर भी बना रहा था वह भी स्व. धर्मवीर वशिष्ठ के सपने को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज सारी जनता भाजपा के कुशासन से दुखी आ चुकी है, युवा बेरोजगार घूम रहे है, महंगाई चरम सीमा पर है, पैट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दामों में सरकार ने बेहताशा वृद्धि की हुई है। मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं है। परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर लोगों को जबरन परेशान किया जा रहा है। श्री तेवतिया ने कहा कि ताऊ देवीलाल, चौ. ओमप्रकाश चौटाला की जब-जब सरकारें थी तो अधिकारी भी जनता का काम करने से पीछे नहीं हटते थे, जबकि भ्रष्ट भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम है और जनता के कार्यों से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। इस अवसर पर बच्चू सिंह तेवतिया, राजबीर तेवतिया, धर्मवीर तेवतिया, राजकुमार तेवतिया, विजय तेवतिया, शिव कुमार तेवतिया, जोगिंदर मलिक, दरियाब सिंह, संतराम, कुमर मलिक, किसान मलिक, तोताराम, हेमराज तेवतिया, चंदर तेवतिया, अशोक नंबरदार सहित गांव सीही की मौजिज सरद्वारी, युवा और महिला मौजूद रही।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप भारी मतों से होंगे विजयी : हरेंद्र भाटी

### कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप ने आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी से की मुलाकात



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार महेंद्र प्रताप सिंह आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी के सेक्टर-21ए स्थित निवास पहुंचे और इंडिया गठबंधन सहित चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा की। इस दौरान हरेंद्र भाटी ने महेंद्र प्रताप जी को कांग्रेस उम्मीदवार बनाए जाने पर उनका फूलों का बुक्का भेंटकर स्वागत किया और कहा कि वह इंडिया गठबंधन के फरीदाबाद में मजबूत प्रत्याशी है, जो कि एक सीट से बड़ी जीत दर्ज करेंगे।

इस दौरान हरेंद्र भाटी ने चुनावी रणनीति को लेकर महेंद्र प्रताप से विचार विमर्श किया और कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी होने के नाते आम आदमी पार्टी पूरी तरह से चुनावी रण में उनके साथ रहेंगे और प्रत्येक कार्यकर्ता उन्हें विजयी बनाने के लिए दिन-रात एक कर देगा। श्री भाटी ने कहा कि गांव हो या शहर हर जगह भाजपा सरकार की नाकामियों की पोल जनता खोल रही है, लोग बेरोजगारी, मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और यह 400 पार का राग अलापकर लोगों को गुमराह करने में लगे है। श्री भाटी ने कहा कि जनता अब इनके झूठे प्रलोभनों में आने वाली नहीं और इंडिया गठंबधन के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प ले चुकी है। इस मौके पर कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने कहा कि यह चुनाव भ्रष्टाचार बनाम ईमानदारी के बीच है, भाजपा ने दस सालों में जनता को महंगाई व भ्रष्टाचार की सौगात दी है, आज हर वर्ग इनकी जनविरोधी नीतियों से तंग है और बदलाव चाहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग करके विपक्षियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है अरविंद केजरीवाल इसका जीवंत उदाहरण है, लेकिन इंडिया गठबंधन भाजपा की इस कृत्य के आगे कतई नहीं झुकेगा और जनता की आवाज को बुलंद करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ-साथ फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के हकों का चुनाव है और जनता वोट की चोट से भाजपा सरकार को सत्ताविहिन करके इंडिया गठबंधन की सरकार चुनेगी। इस मौके पर श्री भाटी के साथ मुख्य रूप से भूपेंद्र नागर मौजूद रहे।

# थर्डजेंडर मतदाता स्वयं मतदान कर मतदाताओं से करेंगे वोट डालने की अपील : आनंद शर्मा

### एडीसी बोले, वरिष्ठ नागरिकों के लिए निर्वाचन आयोग की खास व्यवस्था



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि थर्डजेंडर समुदाय को स्वीप एक्टिविटी का भागीदार बनाया जाएगा। एडीसी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को उनके कार्यालय में थर्डजेंडर समुदाय के लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। एडीसी कम स्वीप एक्टिविटी के जिला नोडल अधिकारी आनंद शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आगामी 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में स्वयं भागीदारी सुनिश्चित करें और अन्य लोगों को भी जागरूकता अभियान के तहत प्रेरित करें। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकतंत्र के फेसटिवल में जिला प्रशासन का प्रयास है कि युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं सहित तमाम मतदाताओं को मतदान के लिए चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक करें इसी कड़ी में आज थर्डजेंडर समुदाय के लोगों के साथ बैठक करके उन्हें भी लोकतंत्र के महापर्व पर भागीदार बनाया जाएगा और उन्हें अन्य लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। एडीसी आनन्द शर्मा ने आगे कहा कि भारत निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दे रहा है कि वरिष्ठ नागरिकों को हर तरह की सुविधा देनी चाहिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया में उनकी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जहां जिला रेडक्रॉस सोसायटी बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को वोट डालने में भी मददगार बनेगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 80 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए डाक मतपत्र की प्रक्रिया की सुविधा देने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश और मानक परिचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) पर काम कर दिया है। इन दिशा-निर्देशों में इस तरह के मतदाताओं की पहचान करना, संपर्क करने के तरीकों, प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के निर्दिष्ट केंद्रों में संग्रह के साथ-साथ मतदान की विधियों का उल्लेख किया गया है। वहीं भारत निर्वाचन आयोग भी मतदाताओं को इस नई सुविधा से अवगत कराने के लिए अपनी स्वीप पहल के तहत व्यक्तिगत संपर्क करने सहित अनेक कदम उठा रहा है। बैठक में थर्डजेंडर सलोनी कौर, जोया, सपना, मकसूम, राहुल, नीरज/ निशां शर्मा, सिम्मी, आकृति शाह, प्रार्थना, अमृता, सुरभि, राज, अनुराग, जिगर उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनावों को लेकर नामांकन की तैयारियां पूरी, डीसी ने लिया जायजा



### 29 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, लघु सचिवालय के डीसी कोर्ट रूम में लिए जाएंगे नामांकन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर नामांकन का कार्य 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन के साथ ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नामांकन सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित डीसी कोर्ट रूम में लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी शुक्रवार को नामांकन कार्यों के लिए की गई तैयारियों को लेकर समीक्षा मीटिंग ले रहे थे। मीटिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि नामांकन का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाया जाएगा। इसके लिए सभी नामांकनों की जांच, सिक्योरिटी राशि सहित सभी कार्यों के लिए अलग-अलग अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने मीटिंग में निर्देश दिए कि आने वाले प्रत्येक नामांकन की सबसे पहले कोर्ट रूम के बाहर की शुरूआती चेकिंग कर ली जाए। इसके बाद कंप्यूटर पर एलेक्ट्रोल रोल व कंप्यूटर में चेकिंग करें। इस पूरी प्रक्रिया के बाद सिक्योरिटी डिपोजिट करें और इसकी रसीद दें। इसके साथ ही नामांकन एफिडेविट और आवेदन के दूसरे तथ्यों की जांच करें। मीटिंग में उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि लघु सचिवालय के 100 मीटर के दायरे में पीडाब्ल्युदी पीडब्ल्यूडी द्वारा की जा रही बैरिकेडिंग की जांच करें और वहां पर पर्याप्त संक्चया में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं। उन्होंने कहा कि बैरिकेडिंग के अंदर सिर्फ प्रत्याशी के साथ तीन गाडिय़ा व पांच व्यक्ति ही अंदर आ सकते हैं। इसके लिए वह मुख्य गेट का प्रत्येक करेंगे। लघु सचिवालय अन्य कार्य से आने वाले आम जनता एटीएम साइट के गेट नंबर दो का प्रयोग करेंगे। मीटिंग में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इस नामांकन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई प्रत्येक हिदायत का अक्षरश:: पालन करें। मीटिंग के बाद उन्होंने कोर्ट रूम व अन्य स्थानों का निरीक्षण भी किया। मीटिंग में एडीसी डा. आनंद शर्मा, सीटीएम अंकित, एसीपी राजीव कुमार, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, डीआईओ लक्ष्मी नारायण सहित नामांकन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के बाद 06 मई तक उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। दाखिल नामांकन पत्र की 07 मई को जांच की जाएगी। 09 मई तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र वापस ले सकता है। उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह देने के बाद आगामी 25 मई को प्रात: 07:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक मतदान प्रक्रिया होगी। 04 जून को मतगणना की जाएगी।

# भारत को विकसित राष्ट्र और विश्व गुरू बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे पीएम मोदी : नायब सिंह सैनी



### चुनावी प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री पहुंचे करनाल, कहा : प्रदेश के साथ करनाल की जनता की सेवा के लिए हर समय रहेंगे तत्पर

### नायब सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और खुद के लिए वोट की अपील की

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तेजी से देश का विकास कर रही है। प्रधानमंत्री भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 पार करवाकर एक बार फिर देश की कमान सौंपेगी ताकि हमारा देश और आगे बढ़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसदीय चुनाव में 400 सीटों पर कमल खिलेगा। केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। करनाल में भी कमल खिलेगा और करनाल में विकास निरंतर जारी रहेगा। इसी तरह से हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल व उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर खुद के लिए वोट की अपील की। लाइनपार क्षेत्र रामनगर में मोहित सचदेवा के मोहित पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने जोरदार स्वागत किया। जनसभा में मौजूद सभी लोगों ने एकजुट होकर कहा कि वह करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी को एवं लोकसभा से मनोहर लाल को भारी मतो से विजयी बनाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों जरूरतमंदों को राशन देने का काम किया है। अयोध्या में भगवान रामलला का मंदिर बनाकर पांच सदियों के स्वप्न को साकार किया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैरिट के आधार पर बिना खर्ची और बिना पर्ची के युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। नौकरी में कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, नौकरी युवाओं को योग्यता के आधार पर मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में साथ देगी और हरियाणा प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत होगी।

करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल एक बड़ी जीत दर्ज करेंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी कमल खिलेगा। इस अवसर पर विधायक हरविंद्र कल्याण, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, शशिपाल मेहता, जगमोहन आनंद, संजय बठला, अमर ठक्कर, राजेश अग्घी सहित अन्य मौजूद रहे।

**चुनाव कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री, कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी अपने करनाल प्रवास के दौरान रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में करनाल विधानसभा उप-चुनाव के भाजपा कार्यालय में पहुंचे। पार्टी कार्यालय में पहुंचने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको एकजुट होकर लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप-चुनाव में भाजपा को विजयी बनाना है।

# भगवान ने दिया साधन, गुरु ने सिखाई युक्ति : स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य

### श्री सिद्धदाता आश्रम में 225 ने गुरु की शरण में प्राप्त की आध्यात्मिक दीक्षा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम में आज नामदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जगदगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने सविधि दीक्षा की परंपरा को पूर्ण कर भक्तों को मंत्र प्रदान किया। आज यहारं देश भर से पहुंचे करीब 225 लोगों ने दीक्षा प्राप्त की। इस अवसर पर स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने कहा कि दीक्षा प्राप्त कर आप परमात्मा के मार्ग पर चलने जा रहे हैं। क्योंकि आपको पता चल गया है कि आपके जीवन का लक्ष्य क्या है। आपको यह जीवन मुक्ति के लिए मिला है और मुक्ति दीक्षा से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि एक समर्थ गुरु ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है। गुरुजी ने बताया कि कमाना, खाना, बच्चे पैदा करना आदि के बारे में तो पशुओं को भी पता है। यह सब भोग हैं। यदि हम भी पशुओं के जैसे भोग के पीछे ही भागे तो हमारे बीच अंतर क्या रह जाएगा। हमें गुरुजन से ही पता चला है कि हम भगवान के अंश हैं, उनके पुत्र हैं। हम भगवान के यहां से आए हैं और उनके ही पास हमें जाना है। इसके लिए हमें गुरुज्ञान मिलता है और गुरु का ज्ञान दीक्षा से प्रारंभ होता है। उन्होंने बताया कि यह जीवन अनेकानेक जन्मों से कर्मों को भोगता आया है। लेकिन इन भोगों से मुक्ति के लिए मनुष्य का शरीर भगवान ने हमें दिया है। यह भगवान के बनाए सभी जन्मों में श्रेष्ठ जन्म है। यह भी हमें गुरुजन से ही पता चला है। उन्होंने कहा कि इस शरीर की महिमा रामायण में भी बताई गई है। जिसमें इस मानव शरीर को मोक्ष का साधन बताया गया है। लेकिन यह मोक्ष का साधन भगवान की करुणा कृपा से मिलता है। इस शरीर का महत्व गुरु बताते हैं और हमें गुरु के मार्ग पर चलाते हैं। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने बताया कि आज से आपके आध्यात्मिक मार्ग की यात्रा शुरू हो गई है। मैं आप सभी के अच्छे जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। इससे पहले उन्होंने सभी भक्तों को यज्ञ करवाया और उनके कंधों पर तप्त शंख एवं शक्र लगाए और उनके कान में मंत्र भी प्रदान किया। इसके साथ ही सभी को जनेऊ पहनाकर भगवान के शरणागत करवाया गया। बता दें कि श्री रामानुज संप्रदाय में दीक्षा का सर्वाधिक महत्व बताया गया है जिसमें कहा गया है कि भगवान के शंख चक्रों और उनके मंत्र को अपने अंदर स्वीकार करने वाले की मुक्ति में कोई संशय नहीं रह जाता है। इस अवसर पर मधुर भजनों की भी प्रस्तुति हुई।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. अशोक खेमका ने किया जिला की अनाजमंडियों का दौरा

## मंडियों में गेहूं की आवक व उठान कार्यों व प्रबंधों का किया निरीक्षण

## खरीद एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग हरियाणा डा अशोक खेमका ने शुक्रवार को जिला की अनाज मंडियों में पहुंचकर रबी फसलों की खरीद कार्यों व प्रबंधों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों व आढ़तियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी सुनी। एसीएस ने इस अवसर पर जिला प्रशासन, मार्केटिंग विभाग व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाजमंडियों से उठान कार्य में तेजी लाई जाए तथा संबंधित एजेंसियां किसानों की फसलों का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने मंडियों में गेहूं की आवक व उठान कार्यों व प्रबंधों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद कार्य सुचारू रूप से चलना चाहिए। किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। रबी सीजन के तहत इस समय मंडियों में गेहूं व सरसों की आवक जोरों पर है। जिला प्रशासन ने मंडियों व खरीद केंद्रों में हर प्रकार की बेहतरीन व्यवस्थाएं की हैं। इस दौरान किसानों व आढ़तियों ने उनके समक्ष जो भी समस्याएं रखी, उनके समाधान के लिए संबंधित एसडीएम व मार्केट कमेटी के सचिवों को उनका त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

डा. अशोक खेमका अपने नूंह जिला के दौरे के दौरान सबसे पहले अनाजमंडी तावडू पहुंचे और वहां पर सभी खरीद कार्यों का निरीक्षण किया। यहां पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मंडी में फसलों की आवक, खरीद व उठान कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर उनकी फसल का भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंडियों में सफाई व्यवस्था, पेयजल, बिजली आदि व्यवस्थाओं व प्रबंधों को निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों की मांगों व समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौके पर ही समाधान किया। इसके बाद उन्होंने नूंह अनाजमंडी का दौरा किया और जिला प्रशासन व मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों की बैठक लेकर खरीद कार्य संबंधी सभी प्रबंधों की समीक्षा की और आढ़तियों की समस्याएं सुन उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने अनाजमंडी पुन्हाना, पिनगवां व फिरोजपुर झिरका का भी दौरा किया और खरीद कार्यों व मंडियों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डा अशोक खेमका ने कहा कि मंडी में गेहूं व सरसों की आवक सुचारू रूप से जारी है। आवक के साथ ही फसलों की खरीद की जा रही है, जिसके उपरांत फसलों का उठान भी सुचारू रूप से किया जा रहा है। बेहतरीन तालमेल के साथ फसलों की खरीद की जा रही है। इस अवसर पर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मीनारायण, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, डीएफएससी महेश यादव व मार्केट कमेटी के सचिव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने लू से बचाव को लेकर अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

## कहा, नागरिकों को हीटवेव के प्रति जागरूक करना भी जरूरी

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से हीट-वेव यानी लू अथवा अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर विशेष एडवाईजरी जारी की है, जिसके तहत विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लोगों को लू से बचाव के लिए विशेष एक्शन प्लान तैयार करने व लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कि जिला में गर्मी की लहर की स्थिति पर नजर रखें। हीट वेव के दुष्प्रभावों को कम करने के हरसंभव प्रयास करें। गर्मी की लहर से संबंधित प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए जनता को जागरूक अवश्य करें। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जाए ताकि लोग लू से अपना बचाव कर सकें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जरूरी दवाइयों का प्रबंध रखने तथा स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस पैकेट, आवश्यक दवा, तरल पदार्थ, आइस पैक, जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति का प्रावधान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी/पीएचसी पर कूलर आदि लगाएं। हीट स्ट्रोक रूम में जरूरत के अनुरूप बिस्तर के अलावा उपलब्धता के अनुसार सीएचसी और पीएचसी पर ठंडे पानी का प्रबंध हो। सभी अस्पतालों/पीएचसी/सीएचसी में ओआरएस और तरल पदार्थ के पर्याप्त स्टॉक हो। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हों। आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे सुचारू रखें।

उन्होंने पंचायती राज विभाग को मनरेगा श्रमिकों को दिन के दौरान अत्यधिक गर्मी से बचाने के लिए काम के घंटों को ध्यान रखने और कार्यस्थलों पर पर्याप्त पेयजल व छांव का प्रबंध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि पार्कों, बस अड्डों, पर्यटक स्थलों तथा खुले क्षेत्रों में छाया की व्यवस्था करें। मंदिर, सार्वजनिक भवन, मॉल जैसे कूलिंग सेंटर की पहचान की जा सकती है और उनका उपयोग किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों, चौराहों व आवश्यकतानुसार संबंधित गांवों में पानी की टंकी/टैंकरों आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित कराएं। बिजली विभाग द्वारा बिजली की कटौती के दौरान पावर बैकअप का प्रावधान किया जाए ताकि निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सकें। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में टूटे हुए बिजली के खंभों आदि को सुदृढ़ रखें। बिजली कटों के बारे में लोगों को सूचना दें। उन्होंने पशु पालन विभाग व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए हैं कि आमजन के साथ-साथ पशुओं के पीने के पानी के लिए ट्यूबल आदि का भी प्रबंध किया जाए। मवेशियों की सुरक्षा के लिए हीटवेव एक्शन प्लान तैयार किया जाए। गर्मी की स्थितियों के दौरान पशुधन में आने वाली बीमारियों के लक्षण व उसके बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करें। पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाये, साथ ही पशु केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं का भण्डारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग द्वारा गर्मी की लहर से संबंधित बीमारी के संबंध में निर्माण/उद्योगों/वाणिज्यिक संस्थाओं के साथ प्रशिक्षण दिया जाए। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्रों और बसतियों में स्वास्थ्य शिविर लगाएं जाए। इसके अलावा श्रमिकों के लिए सभी कार्य परिसरों में पेयजल की सुविधा मुहैया करवाई जाए। नगर परिषद को निर्देश दिए कि वे शहरी क्षेत्रों के सब्जी मण्डी / चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल की समुचित व्यवस्था हो तथा नगर के दूर-दराज क्षेत्रों में पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा अत्यधिक गर्मी/दोपहर में लू से बचने के लिए सरकार या विभाग के निर्देशानुसार स्कूलों का समय निर्धारित किया गया है। सभी स्कूलों और शिक्षा संस्थानों में स्वच्छ पेयजल का प्रबंध हो। जनस्वास्थ्स विभाग को निर्देश दिए हैं कि लोगों को पानी बचत के बारे में जागरूक करें। लोगों को बताएं कि वे पेयजल से वाहनों को न धोएं। पानी की बर्बादी को रोकें। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि वे बस स्टैंडों आदि पर सुरक्षित परिवहन के लिए पीने के पानी तथा यात्रियों के लिए लू से बचाव की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। बस स्टैण्डों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जाए। अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि वे लू के दृष्टिगत अग्निशमन विभाग 24 घंटे उपलब्ध रखें।

# खेल को खेल भावना से खेलें खिलाड़ी : एसडीएम विकास यादव

## जिला में 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं का एसडीएम विकास यादव ने किया उद्घाटन



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वावधान में जिला खेल विभाग के सहयोग से 19 वर्ष आयु के लडक़ों व लड़कियों की 67वीं नेटबॉल राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का जिला के गांव डोहकी स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन में शुक्रवार को रंगारंग आगाज हुआ।

एसडीएम विकास यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह खनगवाल ने की। एसडीएम विकास यादव ने अपने संबोधन में खिलाडिय़ों को प्रेरित व प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल भावना एक दृष्टिकोण है, जो खिलाड़ी को ईमानदारीपूर्वक खेलने, टीम के साथियों और विरोधियों के प्रति शिष्टाचार बरतने, नैतिक व्यवहार और सत्यनिष्ठा दिखाने तथा जीत या हार में बड़प्पन के प्रदर्शन की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सच्ची खेल भावना ही खिलाड़ी को भीड़ से अलग करती है। हमें हार-जीत की परवाह किए बगैर खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए। खेल से अनुशासन प्यार-प्रेम भाईचारे की भावना पनपती है जो देश के नव निर्माण में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का वह हिस्सा है जिससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ सफलता की राह में आगे बढ़ते हुए एक मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाते हुए खेल को खेल भावना से खेलने और हारने पर निराश न होते हुए आगे बढने. और परिश्रम कर पुन: अच्छे प्रदर्शन से सफलता अर्जित करने का आह्वान किया। अध्यक्षीय संबोधन में श्री खनगवाल ने रेवाड़ी जिले में पहली बार हो रहे राष्ट्रीय खेल महोत्सव में पधारे देश भर के खिलाडिय़ों का स्वागत किया। इस अवसर पर मेजबान विद्यालय के अलावा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास तथा रेवाड़ी (कन्या) की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उद्घाटन सत्र को चार चांद लगा दिए।

रेवाड़ी में पहली बार आयोजित की जा रही इस राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग के लडक़ेतथा लड़कियों की नेटबॉल के मुकाबले पांच दिनों तक चलेंगे। इस राष्ट्रीय खेल उत्सव में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, विद्या भारती, डीएवी, सीबीएसई तथा आईपीएससी की टीमों के बीच मुकाबले होंगे तथा 30 अप्रैल को समापन सत्र पर विजेता टीमों को प्रस्तुत किया जाएगा। एईओ भूपेंद्र यादव ने बताया कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन के अलावा प्रथम स्कूल में संबंधित मैच आयोजित किया जा रहे हैं तथा 30 अप्रैल को विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहडिय़ा के संचालन में आयोजित इस राष्ट्रीय महोत्सव के उद्घाटन सत्र में ध्वजारोहण, मार्च पास्ट, शपथ, शाब्दिक अभिनंदन, स्वागत गीत, खेल गीत तथा लोक नृत्यों ने समां बांध दिया।

इस अवसर पर सहायक निदेशक (खेल) शमशेर सिंह, ऑब्जर्वर हिमांशु शुक्ला, जिला खेल अधिकारी मदनपाल, फायर अधिकारी मामचंद, निवर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह, धर्मवीर बल्ड़ोदिया, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर, राजबाला, राकेश वत्स, मेजबान विद्यालय के प्राचार्य डा. आरएन सिंह, निदेशक मुकेश यादव, कोच चरण सिंह, डा. दुष्यंत आदि उपस्थित रहे।

# पीएनबी रिटायरिस की मंडल कार्यकरिणी का हुआ गठन




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक पेंशनर्स एण्ड रिटायरीस एसोसिएशन (पंजीकृत) रेवाड़ी मण्डल का प्रथम अधिवेशन आज सूरज गार्डन कोनसीवास रोड रेवाड़ी में एस पी यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में चेयरमैन आर सी यादव, मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय सँयुक्त महासचिव एम एल अरोड़ा रोहतक से, विशिष्ट अतिथि पंजाब नैशनल बैंक मण्डल रेवाड़ी के मण्डल प्रमुख दीपक महतानी, मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक अमित यादव, वाईस चेयरमैन एस सी गोयल व प्रेम सिंह, रोहतक एस के गुप्ता, नरेश परुथी, योगेश खुराना, राम नारायण, बलबीर सिंह, झज्जर से आर के नूनवाल, अधिकारी संगठन के प्रतिनिधि सी पी यादव, एच आर सभरवाल, विशेष आमंत्रित ए एस यादव, एन पी एस यादव, भूपेंद्र सिंह राव, सतीश बठला, एन एस तंवर आदि के साथ साथ नारनौल, महेन्द्रगढ़, चरखी दादरी व रेवाड़ी के दूर दराज क्षेत्रों से लगभग 125 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। इसकी जानकारी देते हुए मण्डल सचिव अरुण गुप्ता ने बताया कि सर्व प्रथम माँ भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका वन्दन अभिनन्दन किया गया। इसके उपरांत संगठन के जो सदस्य साथ छोड़ कर देवलोक गमन कर गए उन्हें 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि प्रदान की गई।

मण्डल इकाई के गठन व उसकी गतिविधियों की सम्पूर्ण जानकारी सभी के साथ साझा की गई। मण्डल की सभी तीनों जिला इकाइयां रेवाड़ी, चरखी दादरी व नारनौल कुशलता से कार्य कर रही हैं व मण्डल इकाई की कुल सदस्य संख्या वर्तमान में 235 है, जिसके लिए सभी इकाइयां व उनके पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। सभी विशिष्ट अतिथियों ने सभा को संबोधित किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि एम एल अरोड़ा ने कहा कि बैंक से हमारी जायज़ मांगों को लेकर लड़ाई जारी रहेगी।

बैंक ने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर अनुदान के रूप में राशि प्रदान करनी शुरू की व पेंशन उपडेशन के बदले एक्स ग्रेशिया (अनुग्रह) भी देना शुरू कर दिया है यह हमारे संघर्ष का ही परिणाम है। मण्डल प्रमुख दीपक महतानी ने कहा रिटायरीस बैंक की रीढ़ की हड्डी हैं उन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए व रिटायरीस को भी बैंक के उत्थान में सहयोग करना चाहिए।

मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक अमित यादव ने बैंक की तरफ से रिटायरीस को सभी सुविधाएं जिनके वे हकदार हैं उन्हें मिलनी चाहिए जिसके लिए हमारी तरफ से हर संभव प्रयास रहेगा। मण्डल सचिव अरुण गुप्ता ने सचिव रिपोर्ट व आय व्यय का ब्यौरा पटल पर रखा। संगठन के वर्ष 2024 - 2027 के लिए कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसमें आर सी यादव (रेवाड़ी) को मण्डल चेयरमैन, एस पी यादव (रेवाड़ी) को मण्डल प्रधान, सी एस जालवान (नारनौल) व आज़ाद सिंह (चरखी दादरी) को उप प्रधान, अरुण गुप्ता (रेवाड़ी) को मण्डल सचिव, जीत सिंह टाइगर (रेवाड़ी) को संयुक्त सचिव, अर्जुन देव भटेजा (रेवाड़ी) को कोषाध्यक्ष, भूप सिंह (रेवाड़ी) को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। मंच संचालन संगठन के संयुक्त सचिव जीत सिंह टाइगर ने किया। अंत में सभी से अनुरोध किया गया कि चुनाव का पर्व चल रहा है इस यज्ञ में अपनी वोट रूपी आहुति अवश्य डालें। अपने विवेकानुसार मतदान अवश्य करें।

# स्कूल संचालक शिक्षा निदेशालय एडवाइजरी की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करें : डीसी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने जिला के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल संचालकों को ग्रीष्म ऋतु के दौरान विद्यार्थियों को लू तथा गर्मी की विभीषिका से बचाने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। हेतु आवश्यक कदम उठाने बारे। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु का आरम्भ हो गया है तथा इसका प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने स्कूल संचालकों को निर्देश दिए जिला के विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को गर्मी व लू से बचाने के लिए विशेष ध्यान रखते हुए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें।

स्कूल संचालक इन बातों का विशेष ध्यान रखे जैसे किसी भी अवस्था में विद्यार्थियों को धूप में न बिठाया जाए। किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन खुली धूप में न किया जाए। विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए साफ पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी विद्यालयों में दिन में तीन बार पानी पीने के लिए घंटी बजाई जाए ताकि सभी विद्यार्थी समय अनुसार पानी पी सकें और शरीर में पानी की मात्रा को बरकरार रख सकें। विद्यालयों में उपलब्ध रेडक्रॉस फंड में से लू से बचाव आदि के लिए ओआरएस के पैकेट्स की व्यवस्था की जाए। सभी विद्यार्थियों के साथ गर्मी से बचने के उपायों पर चर्चा की जाए तथा व्यापक जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। आवश्यकतानुसार, स्थानीय स्तर पर आयुष विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी आपात स्थिति के संदर्भ में स्थानीय अस्पताल में सम्पर्क की व्यवस्था की जाए तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। खिडक़ी को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। जिन खिड़कियों व दरवाजों पर दोपहर के समय गर्म हवाएं आती हैं, उन पर पर्दे लगाकर रखें। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क व सजग रहें। विद्यार्थियों को कभी भी बंद स्कूल वाहन में अकेला न छोड़ें। विद्यार्थियों को निर्देशित करें कि वे विद्यालय के पूर्ण अवकाश के बाद तथा छुट्टियों के दौरान जहां तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें। संतुलित, हल्का व नियमित रूप से पौष्टिक भोजन करें। ऐसी किसी भी स्थिति जब घर से निकलना अपरिहार्य / आवश्यक हो तो विद्यार्थी अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से अच्छी तरह ढक कर रखें। कक्षा-कक्ष के बाहर होने वाली बाहरी गतिविधियों को जहां तक संभव हो प्रात: 10 बजे तक अथवा इससे पूर्व करवाना सुनिश्चित किया जाए।

# पंजाबी समाज की महिला मोर्चा का होगा गठन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** समुदाय में महिला सदस्यों के लाभ को ध्यान में रखते हुए, पंजाबी समाज ने महिला मोर्चा तैयार किया है जो पंजाबी समाज की महिलाओं के लाभ के लिए काम करेगी। पंजाबी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट सचिन मलिक ने कहा कि लंबे समय से मांग की जा रही थी कि इस तरह की कमेटी बनाई जाए ताकि महिलाओं को समाज में उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। पंजाबी भवन में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक में समाज हित में कई निर्णय लिए गए। निर्णय लिया गया कि समाज का कोई भी वंचित सदस्य अपनी किसी भी प्रकार की आवश्यकता के लिए पंजाबी समाज में कार्यकारी समिति के समक्ष संपर्क कर अपना आवेदन पत्र भर सकता है। इसी उद्देश्य से जरूरतमंद व्यक्तियों की किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सामाजिक कल्याण समूह बनाया गया है। यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के वंचित लोगों की लड़कियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। पंजाबी भवन के तीन मंजिल बन गया है और शेष एक मंजिल के लिए काम प्रगति पर है। वैवाहिक सेवा और बुक बैंक सेवाएँ समाज के सभी वर्गों के लिए सफलतापूर्वक सेवा प्रदान कर रही हैं। सचिन मलिक ने कहा कि शनिवार को महिला मोर्चा की ओर से पंजाबी भवन परिसर में बसंत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा और समाज की महिलाओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# रेवाड़ी पुलिस ने क्राइम को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता व उनकी टीम ने शुक्रवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव पदैयावास में पहुंचकर स्कूल के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के अपराधों महिल व बच्चों विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध इत्यादि, उनकी पहचान, अपराधों से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभाव इत्यादि के बारे में बताया।




पुलिस टीम द्वारा इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को विभिन्न प्रकार के अपराधों के लिए लागू किए गए सजा के प्रावधानों सहित विशेष अधिनियमों (पोक्सो एक्ट, बाल किशोर अधिनियम इत्यादि) के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 सेवा के बारे में बताते हुए उन्हें पुलिस की दुर्गा शक्ति व डायल-112 ऐप्स को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने व इन ऐप्स का प्रयोग करने के बारे में बताया गया।

इनके अतिरिक्त पुलिस टीम द्वारा ट्रिप मोनिटरिंग, यातायात नियमों का पालन करना व विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों/ अपराधियों की पहचान व बचाव उनके निवारण इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

पुलिस टीम द्वारा वहां मौजूद विद्यार्थियों/स्टाफ को नशे से दूर रहने, नशे के आदी लोगों के पुनर्वास/नशा मुक्ति में बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों/स्टाफ को जानकारी देते हुए बताया कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिला थाना, डायल 112 व दुर्गा शक्ति एप पीड़िता की मदद के लिए है।

महिलाएं कभी भी अपनी शिकायत इन पर दे सकती है। कहीं भी मनचलों व असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने या कहीं भी जमावड़ा रहने पर इसकी जानकारी पुलिस को दें। पुलिस द्वारा मनचलों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com


# रेटिंग एजेंसी एसएंडपी और फिच का रिलायंस ने विश्वास किया हासिल

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन के बाद वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी और फिच का विश्वास हासिल कर लिया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और फिच रेटिंग्स ने अलग-अलग बयान में कंपनी के वितिय प्रदर्शन के चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी मजबूत रहने की बात कही है। बयान के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की मजबूत कमाई पर अंकुश रहेगा क्योंकि कंपनी वृद्धि की महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ा रही है। हमें उम्मीद है कि कंपनी की ऋण से लेकर कर पूर्व आय अनुपात की रेटिंग के अनुरूप रहेगी।'' एसएंडपी ने कहा, ''आरआईएल की कमाई को पिछले निवेशों से फायदा होगा। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की समायोजित कर पूर्व आय दो से चार प्रतिशत बढ़ेगी।'' इस बीच फिच रेटिंग्स ने कहा, '' हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में आरआईएल की कर पूर्व आय सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में 14 प्रतिशत बढ़ेगी।''

**हाल ही में जारी किए नतीजे**

देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने मार्च में समाप्त चौथी तिमाही के नतीजों का बीते दिनों ऐलान किया है। कंपनी ने अपने वार्षिक समेकित राजस्व को 10,00,122 करोड़ रुपये (119.9 अरब डॉलर) तक पहुंचाकर मील का पत्थर हासिल किया है। यह साल-दर-साल 2.6 फीसदी की बढ़ोतरी को दर्शाता है। रिलायंस ने सोमवार को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही



के लिए 18,951 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ दर्ज किया। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए राजस्व 2.36 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं रिलायंस ग्रुप ने मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 10 रुपये प्रति शेयर के डिविडेंड की घोषणा की है।

**क्या है शेयर का हाल**

रिलायंस के शेयर में बीते कुछ दिनों से गिरावट देखने को मिल रही है। आज भी रिलायंस के शेयर 13 अंकों से ज्यादा की गिरावट के साथ दोपहर तीन बजे 2,906.60 के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। शेयर में सुबह से गिरावट देखी जा रही है। पिछले 5 दिनों में शेयर में 31 अंकों से ज्यादा की गिरावट आई है। वहीं बीते एक महीने में शेयर 80 अंकों से ज्यादा लुढ़क चुका है। हालांकि पिछले 6 महीनों की बात करें तो शेयर ने निवेशकों को 28.33 फीसदी से ज्यादा का शानदार रिटर्न दिया है।

# आजादी से पहले इन कंपनियों का बजता था डंका

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में कई कंपनियां ऐसी रही हैं जिनका एक समय पर काफी जलवा हुआ करता था। लेकिन आज इन कंपनियों का नामो निशान तक मिट चुका है। एक समय बाजार में धूम मचाने वाली ये कंपनियां आज कहीं नहीं है। ये ऐसी कंपनियां हैं जो देश में आजादी से पहले से थीं। इन कंपनियों में से बहुत की नींव ब्रिटिश शासन के दौरान पड़ी थी। कई कंपनियां ऐसी भी हैं जिनका डंका आज भी पूरी दुनिया में बज रहा है। इनमें रिलायंस, टाटा सहित कई कंपनियां शामिल हैं। टाटा ग्रुप की शुरुआत साल 1868 में हुई थी। फूड सेक्टर की बड़ी कंपनी ब्रिटानिया साल 1892 में हुई थी। आज भी कंपनी का दबदबा बना हुआ है। कंपनी का कारोबारी द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तेजी से बढ़ा था। गोदरेज की शुरुआत भी आजादी से पहले साल 1897 में हुई थी। कंपनी का आज भी देश-विदेश में बड़ा कारोबार है। देश में करीब 70 ऐसी कंपनियां थीं जिनकी नींव आजादी से







पहले पड़ी थी। इन कंपनियों ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया। आईए आपको बताते हैं ऐसी कंपनियों के बारे में जो आज बाजार से गायब हो चुकी हैं।

**ये स्कूटर था लोगों की शान**

देश में साल 1972 में सरकार द्वारा संचालित स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड ने भारत में लैंब्रेटा स्कूटरों की मैन्युफैक्चिरिंग और सेल्स की शुरुआत की थी। कंपनी के विजय डीलक्स, विजय सुपर और लंब्रेटा स्कूटर देश की शान माने जाने लगे थे। देश में ये स्कूटर खूब बिका करते थे। लेकिन बाद में धीरे-धीरे ये कंपनी बाजार से गायब हो गई।

**धूल खा रही धरोहर**

फिल्मिस्तान स्टूडियो का भारतीय सिनेमा को ऊंचाईयों पर पहुंचाने में काफी योगदान रहा है। देश में साल 1943 में फिल्मिस्तान प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत हुई थी। आर्थिक प्रबंधन कमजोर होने की वजह से बाद से इसे बेचना पड़ गया था। आज मुंबई में ये धरोहर धूल खा रही है। एक समय इसका काफी नाम हुआ करता था।

# भारत में दिग्गज टेक कंपनी ऐपल के केवल दो स्टोर

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में आईफोन की बिक्री में काफी तेजी आई है। ऐपल के लिए अमेरिका और चीन के बाद भारत सबसे बड़ा मार्केट बनकर उभरा है। यहां तक कि कंपनी अब बड़े पैमाने पर भारत में आईफोन का प्रॉडक्शन भी कर रही है। भारत में बनाए जा रहे 65% आईफोन अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया को एक्सपोर्ट किए जा रहे हैं। फाइनेंशियल ईयर 2023 में ऐपल ने भारत में एक लाख करोड़ रुपये के आईफोन बनाए। इसके बावजूद भारत में ऐपल के स्टोर्स की संख्या



अन्य देशों की तुलना में काफी कम हैं। भारत में कंपनी के केवल दो स्टोर हैं जबकि अमेरिका में इनकी संख्या 271, चीन में 47, यूके में 40 और कनाडा में 28 है।

ऐपल ने पिछले साल भारत में दो स्टोर खोले थे। ये स्टोर दिल्ली और मुंबई में खोले गए थे। इसकी तुलना में कई छोटे-छोटे देशों में ऐपल के कई स्टोर हैं।

मसलन हॉन्ग कॉन्ग में कंपनी के छह और सिंगापुर में तीन स्टोर हैं। ऐपल के ऑस्ट्रेलिया में 22, फ्रांस में 20, इटली में 17, जर्मनी में 16, स्पेन में 11, जापान में 10, साउथ कोरिया में सात, यूएई में चार, स्विट्जरलैंड में चार, नीदरलैंड्स में तीन, स्वीडन में तीन और तुर्की में तीन स्टोर हैं। इसी तरह कंपनी के ब्राजील, मकाउ, मेक्सिको, ताइवान और थाईलैंड में दो-दो स्टोर हैं। बेलजियम और ऑसट्रिया में ऐपल का एक-एक स्टोर है।

# दिल्ली में फिर बरसेंगे रन, जानें अरुण जेटली स्टेडियम की पिच रिपोर्ट




**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को आईपीएल 2024 फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर वह अंकतालिका में छठे स्थान पर है। मुंबई का हाल भी कुछ ऐसा ही है। टीम को 8 मैच में 3 जीत मिली है। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर होगा।

**कैसी होगी दिल्ली की पिच?**

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर इस सीजन दो मैच हुए हैं। दोनों ही मैचों में रनों की बरसात देखने को मिली है। एक बार फिर इस मैदान पर गेंदबाजों का बुरा हाल होना तय दिख रहा है। डे मैच होने की वजह से टॉस जीतने वाली टीम बैटिंग से सकती है क्योंकि दिल्ली की गर्मी में फीलडिंग करना आसान नहीं होगा। पहले बैटिंग करते हुए टीम को जीत हासिल करना है तो इस मैदान पर 220 से ज्यादा का स्कोर बनाना ही होगा।

**दिल्ली के मौसम का हाल**

दिल्ली में भयंकर गर्मी पड़ रही है। मैच के दिन अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक जाने की उम्मीद है। मैच शुरू होने के समय दोपहर में साढ़े 3 बजे तापमान 3-38 के आसपास रहने की उम्मीद है। मैच खत्म होने के समय भी यह 33 डिग्री के आसपास रहेगा। पहले फीलडिंग करने वाली टीम को चिलचिलाती धूप में मैदान पर आना पड़ेगा। विदेशी खिलाड़ियों को ज्यादा परेशानी हो सकती है।

# 30 दिन में नहीं किया क्लेम तो फ्लैट हो जाएगा निरस्त

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेनो में आम्रपाली के 10 प्रॉजेक्टों में 492 घर खरीदारों को फ्लैट का हैंडओवर लेने के लिए अगले 30 दिन का अंतिम नोटिस रविवार को दिया गया है। अगर ये लोग 30 दिन में हैंडओवर नहीं लेते हैं तो इनके फ्लैट निरस्त कर दिए जाएंगे। कोर्ट रिसीवर की ओर से इसके लिए विज्ञापन के माध्यम से सूचना दे दी गई है। बताया जा रहा है कि जिन लोगों के नाम पर आम्रपाली के कस्टमर डेटा में ये फ्लैट हैं वे उनका हैंडओवर लेने नहीं आ रहे हैं। बायर असोसिएशन व अन्य लोगों का आरोप है कि उनसे 12-14 साल पुराने कई ऐसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं जिन्हें अब उपलब्ध कराना संभव नहीं है। बार-बार चक्कर काटने के बाद भी उन्हें फ्लैट नहीं दिए जा रहे और अब विज्ञापन जारी कर अंतिम नोटिस जारी कर दिया है। इससे बायर्स का तनाव बढ़ गया है। उन्हें डर है कि उनके जीवन भर की कमाई से खरीदा गया फ्लैट उनके हाथ से निकल जाएगा।

बता दें कि पिछले दिनों कोर्ट रिसीवर व उनकी टीम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम्रपाली के सभी प्रॉजेक्टों को मार्च 2025 तक पूरा करने का दावा किया था। उस समय भी यह सवाल उठा था कि 10 हजार से ज्यादा फ्लैट अब भी ऐसे हैं जो एक साल से तैयार होने के बावजूद हैंडओवर नहीं हुए हैं। आखिर इसकी वजह क्या है? इसके जवाब में बताया गया था फ्लैट लेने के लिए लोग जरूरत के अनुसार दस्तावेज नहीं दिखा पा रहे हैं। इस वजह से इन फ्लैटों का हैंडओवर नहीं हो पाया है।



इसी क्रम में कोर्ट रिसीवर ने रविवार को नोएडा-ग्रेनो के जो 10 प्रॉजेक्ट के 492 फ्लैटों की लिस्ट जारी की है उनमें अधिकांश ऐसे हैं जो डेढ़-साल से तैयार पड़े हैं लेकिन अभी तक इनका हैंडओवर नहीं हुआ है।

**हैंडओवर नहीं हो रहे फ्लैट**

आम्रपाली बायर्स की असोसिएशन में सक्रिय घर खरीदार दीपांकर का कहना है कि जिन लोगों की लिस्ट अंतिम नोटिस के साथ रविवार को जारी की गई है इनमें अधिकांश फ्लैट ऐसे हैं जिनका क्लेम करने के लिए लोग दो-तीन साल से चक्कर काट रहे हैं। 12-14 साल पुराना बैंक स्टेटमेंट मांगा जा रहा है। कई बायर्स ने प्राइवेट बैंकों से लोन लिए थे जो अब बंद भी हो गए हैं। ऐसे में ये लोग कहां से बैंक स्टेटमेंट दें। वहीं बिल्डर ने उस समय तमाम लोगों को आधे-अधूरे कागजात दिए थे। कई लोगों ने कैश में काफी पैसा दे रखा है। कुछ लोगों को आम्रपाली वालों ने उनके बकाया बिल के एवज में फ्लैट दे दिए थे जिनके क्लेम को अब माना नहीं जा रहा। लोग परेशान घूम रहे हैं। कई फ्लैट ड्यूल अलॉटमेंट वाले हैं जिनके मामलों का निस्तारण नहीं हो रहा है। ऊपर से कहा जा रहा है कि लोग क्लेम नहीं कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि क्लेम करने के बाद भी उनसे इतना ज्यादा फाइलिंग वर्क मांगा जा रहा है कि वे उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं।

# हिट एंड रन योजना के तहत जिला स्तरीय कमेटी का हुआ गठन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा द्वारा हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना-2022 के तहत पीड़ति को मुआवजा के संबंध में जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में डीसी स्वयं क्लेम सेटलमेंट कमिश्नर, संबंधित एसडीएम क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर, पुलिस अधीक्षक सीएमओ रेवाड़ी, आरटीए रेवाड़ी, रमेश वशिष्ठ को जिला स्तरीय कमेटी का सदस्य व ब्रांच मैनेजर एनआईसी रेवाड़ी विनोद कुमार को मेंबर सेक्रेटरी बनाया गया है। कमेटी क्वाटरली मीटिंग करेगी और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेगी।

# भारत के निर्वाचन आयोग ने 'वोटर इन क्यू' एप प्रयोग की दी स्वीकृति

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी 25 मई को होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 30 शहरी विधानसभा क्षेत्रों में वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की जाएगी। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देखकर वोट डाले बिना ही वापिस चले जाते हैं। लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भी प्रयोग के तौर पर स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग लाइन में लगे हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया क बताया कि इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है।

उन्होंने बताया कि जिन 30 शहरी विधानसभा क्षेत्रों में 'वोटर इन क्यू' एप का प्रयोग होगा उनमें रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र सहित पंचकूला, अम्बाला छावनी, अम्बाला शहर, जगाधरी, यमुनानगर, थानेसर, कैथल, करनाल, पानीपत ग्रामीण, पानीपत शहरी, सोनीपत, जींद, फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, दादरी, भिवानी, रोहतक, बहादुरगढ़, झज्जर, नारनौल, पटौदी, बादशाहपुर, गुडग़ांव, नूंह, पलवल, फरीदाबाद एनआईटी, बडखल तथा फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।







